उज्जैन
सोमवार
30
मार्च, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-145
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

# दैनिक ब्रह्मास्त्र



दिया मिर्जा बोली- फिल्म फ्लॉप हुई तो लोग पनौती कहने लगे

पेज- 8

## नेपाल में कोर्ट ने पूर्व पीएम केपी ओली को 5 दिन की रिमांड पर भेजा



**काठमांडू।** नेपाल में जेन जेड आंदोलन के दमन मामले में पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली और पूर्व गृहमंत्री रमेश लेखक को 5 दिन की रिमांड पर भेजा गया है। काठमांडू जिला अदालत ने रविवार को यह आदेश दिया। सरकारी पक्ष ने 10 दिन की रिमांड मांगी थी, लेकिन कोर्ट ने 5 दिन की मंजूरी दी। दोनों नेताओं पर सितंबर 2025 में हुए जेन जेड आंदोलन के दौरान अत्यधिक बल प्रयोग का आरोप है। जांच आयोग ने उनके खिलाफ आपराधिक कार्रवाई की सिफारिश की थी, जिसके बाद उन्हें गिरफ्तार किया गया। ओली फिलहाल अस्पताल में भर्ती हैं और उन्होंने वर्चुअल पेशी दी, जबकि रमेश लेखक कोर्ट में मौजूद रहे।

## कांग्रेस नेता की हत्या, बदमाशों ने कुल्हाड़ी से सिर फोड़ा

**लुधियाना।** लुधियाना के माछीवाड़ा कस्बे के गांव तखरां में कांग्रेस ब्लॉक प्रधान परमिंदर तिवारी की हत्या कर दी गई। वे रविवार शाम साढ़े 6 बजे बस स्टैंड पर अपने क्वार्टरों पर कुर्सी पर बैठे हुए थे। इसी दौरान दो बदमाश आए। उन्होंने पीछे से सिर पर कुल्हाड़ी से तीन वार किए। जिससे उनका सिर फट गया और वह जमीन पर गिर पड़े। उनके दिमाग की नसें बाहर निकल आईं। मौके पर मांस और खून बिखर गया। इसके बाद आरोपी वहीं पर कुल्हाड़ी छोड़कर भाग गए। इसी दौरान उनका बेटा वहां पहुंचा, वह जमीन पर लहूलुहान हालत में पड़े मिले। इसके बाद उन्हें तुरंत माछीवाड़ा के सिविल अस्पताल पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर डॉक्टरों ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया। इसके बाद परिजन उन्हें फोर्टिस अस्पताल ले गए, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।

## बजट सत्र का दूसरा फेज 12वां दिन, लोकसभा में नक्सल-मुक्त भारत पर चर्चा



**नई दिल्ली।** बजट सत्र के दूसरा चरण का सोमवार को 12वां दिन है। आज लोकसभा में देश को नक्सलवाद से मुक्त करने के लक्ष्य की दिशा में केंद्र सरकार के प्रयासों पर चर्चा होगी। शिवसेना सांसद श्रीकांत शिंदे चर्चा की शुरूआत करेंगे। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पहले कई बार कह चुके हैं कि सरकार का लक्ष्य 31 मार्च 2026 तक देश को नक्सलवाद से पूरी तरह मुक्त करना है। सूत्रों के मुताबिक मौजूदा बजट सत्र को 2 अप्रैल से पहले ही स्थगित किया जा सकता है। सत्र को छोटा कर बाद में चुनावों के बाद फिर से शुरू करने की भी योजना हो सकती है।

## जैक से उठाई जा रही बिल्डिंग गिरी:अंदर सो रहे 3 लोगों की मलबे में दबकर मौत

**बरनाला।** बरनाला में एक मकान गिरने से 3 लोग उसके मलबे में दब गए। इससे तीनों लोगों की मौत हो गई। ये तीनों मकान में अंदर सोए हुए थे। इन्हें मलबे से निकालकर अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने इनकी मौत की पुष्टि की। मलबा हटाने के लिए जिला और पुलिस प्रशासन की टीमें पहुंची थीं। उन्होंने जेसीबी मशीनों की मदद से मलबा हटवाया। अधिकारियों ने 3 शव बरामद होने के बाद भी कई घंटे तक जेसीबी चलवाई, ताकि यदि कोई और भी मलबे में दबा हो तो उसे भी निकाला जा सके। बताया जा रहा है कि मकान की नींव धंस जाने के बाद उसे जैक से ऊपर उठाने का काम चल रहा था। जिन लोगों की मौत हुई है, वे इसी काम में लगे हुए थे। ये कुल 4 लोग थे, लेकिन एक व्यक्ति शनिवार शाम को ही घर निकल गया था, जिससे उसकी जान बच गई।

### प्रति यूनिट खपत के आधार पर

# उपभोक्ताओं से वसूला जाएगा स्मार्ट मीटर लगाने का खर्च


### स्मार्ट मीटरों की संख्या बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, जिससे बिजली की दरें बढ़ेंगी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन**

पूरे प्रदेश के साथ ही उज्जैन में भी भले ही स्मार्ट मीटर लगाने का कार्य जारी हो लेकिन इस मीटर को लगाने का खर्च अर्थात इस्टालेशन, मेंटेनेंस, ऑपरेशन आदि जैसे खर्च बिजली बिलों के माध्यम से उपभोक्ताओं से ही वसूला जाएगा।

जो जानकारी प्राप्त हुई है उसके अनुसार विद्युत विनियामक आयोग के हालिया टैरिफ के अनुसार, स्मार्ट मीटरों की संख्या बढ़ने के साथ ही उपभोक्ताओं की जेब पर बोझ बढ़ेगा, जिससे बिजली की दरें बढ़ेंगी। अब स्मार्ट मीटर का खर्च प्रति यूनिट खपत के आधार पर बिजली बिलों में शामिल कर वसूला जाएगा। इस बीच, सरकार स्मार्ट प्रीपेड मीटर इस्तेमाल करने वाले उपभोक्ताओं को 25 पैसे प्रति यूनिट की अतिरिक्त छूट और सोलर आवर (सुबह 9 से शाम 5 बजे) में 20 प्रतिशत की छूट दे रही है।

गौरतलब है कि मप्र विद्युत विनियामक आयोग के हालिया टैरिफ आदेश में खुलासा हुआ है कि बिजली वितरण कंपनियां वित्तीय वर्ष 2026-27 में उपभोक्ताओं से कुल 513.62 करोड़ का लीज चार्ज वसूलेंगी। यह



राशि सीधे बिल में अलग से नहीं दिखाई देगी, बल्कि बिजली दरों (टैरिफ) में शामिल कर धीरे-धीरे वसूली जाएगी। गौरतलब है कि स्मार्ट मीटर परियोजना को केंद्र सरकार की आरडीएस योजना के तहत लागू किया जा रहा है। इसका उद्देश्य बिजली आपूर्ति को अधिक पारदर्शी विश्वसनीय और कुशल बनाना है। स्मार्ट मीटर से रियल-टाइम डेटा मिलने से बिलिंग में गड़बड़ी कम होगी, बिजली चोरी पर अंकुश लगेगा और लाइन लॉस घटाने में मदद मिलेगी। हालांकि, विशेषज्ञों का मानना है कि तकनीकी सुधार के साथ-साथ इसका आर्थिक असर भी उपभोक्ताओं को झेलना पड़ेगा। चूंकि यह खर्च टैरिफ में जोड़ा जाएगा, इसलिए आने वाले समय में बिजली बिलों में बढ़ोतरी का असर साफ दिखाई दे सकता है।

- उल्लेखनीय है कि उज्जैन सहित प्रदेश में कुल 1,41,44,119 स्मार्ट मीटर लगाए जाने हैं। पहले चरण में 58,65,372 और दूसरे चरण 82,78,747 स्मार्ट मीटर लगाए जाएंगे। स्मार्ट मीटर लगाए जाने के लिए आयोग ने बिजली कंपनियों को 31 मार्च 2028 तक का समय दिया है। स्मार्ट मीटर टोटेक्स मॉडल पर लगाए जा रहे हैं। इस मॉडल में मीटर लगाने, संचालन और रखरखाव का पूरा खर्च एक निजी एजेंसी उठाती है और बिजली कंपनियां उसे किस्तों के रूप में भुगतान करती हैं।
- यह लागत अंततः उपभोक्ताओं से वसूली जाती है। आयोग ने इस मंजूरी को पूरी तरह अंतिम नहीं माना है, बल्कि इसे अस्थायी रूप से स्वीकृत किया है। भविष्य में टू-अप प्रक्रिया के दौरान कंपनियों के वास्तविक खर्च और प्रदर्शन की समीक्षा की जाएगी। यदि कंपनियां तय लक्ष्यों-जैसे समय पर स्मार्ट मीटर लगाना, सही बिलिंग और सेवाएं देना-पूरा नहीं कर पाती हैं, तो इस राशि में कटौती भी की जा सकती है।

## सेंसेक्स में 1000 अंक की गिरावट

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबइ**

शेयर बाजार में आज यानी 30 मार्च को गिरावट है। सेंसेक्स करीब 1,000 अंक (1.30%) की गिरावट के साथ 72,550 पर आ गया है। वहीं निफ्टी में भी करीब 300 अंक (1.30%) की गिरावट है, ये 22,500 के स्तर पर कारोबार कर रहा है। आज ऑटो, मेटल और बैंकिंग शेयरों में ज्यादा बिकवाली है।

- जापान का निक्केई इंडेक्स 3.60% गिरकर 51,433 के स्तर पर कारोबार कर रहा है।
- साउथ कोरिया का कोस्पी इंडेक्स 2.60% गिरकर 5,296 पर कारोबार कर रहा है।
- हॉन्गकॉन्ग का हैंगसेंग इंडेक्स 1% चढ़कर 24,713 पर कारोबार कर रहा है।
- चीन का शंघाई कंपोजिट इंडेक्स 3,922 पर फ्लैट कारोबार कर रहा है।

## रूस के दागिस्तान में बाढ़ के बाद इमरजेंसी घोषित



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ दागिस्तान**

रूस के दागिस्तान प्रांत की राजधानी मखाचकाला में भारी बारिश के कारण हालात बिगड़ गए हैं। बाढ़ और बिजली कटौती के बाद प्रशासन ने इमरजेंसी घोषित कर दी। प्रशासन का कहना है कि राहत और बचाव की टीमें पूरी तरह अलर्ट पर हैं और लोगों की मदद के लिए लगातार काम कर रही हैं। आधिकारिक जानकारी के मुताबिक, करीब 3.27 लाख लोग अभी भी बिजली के बिना हैं, जिनमें लगभग 89 हजार बच्चे भी शामिल हैं। यह लोग 283 अलग-अलग इलाकों में रहते हैं।

## अमेरिका में ट्रम्प के खिलाफ 80 लाख लोगों का मार्च

### ईरान वॉर और महंगाई को लेकर पद से हटाने की मांग



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन**

अमेरिका में शनिवार को राष्ट्रपति ट्रम्प के खिलाफ हुए नो किंग्स रैली में 80 लाख लोगों ने हिस्सा लिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, पूरे अमेरिका के सभी 50 राज्यों में 3,300 से ज्यादा जगहों पर ये प्रदर्शन आयोजित किए गए।

आयोजकों ने बताया कि अक्टूबर में हुए पिछले नो किंग्स प्रदर्शनों की तुलना में इस बार करीब 10 लाख ज्यादा लोग शामिल हुए और लगभग 600 ज्यादा कार्यक्रम आयोजित किए गए।

प्रदर्शन कर रहे लोगों का कहना है कि वे ट्रम्प सरकार की कई नीतियों से नाराज हैं। उनका गुस्सा खास तौर पर ईरान के साथ बढ़ते तनाव, सख्त इमिग्रेशन कार्रवाई और बढ़ती महंगाई को लेकर है। कई जगहों पर लोगों ने ट्रम्प और उपराष्ट्रपति जेडी वेंस के खिलाफ पोस्टर दिखाए और उन्हें पद से हटाने की मांग की। ट्रम्प के खिलाफ अब तक राष्ट्रीय स्तर पर 3 बार नो किंग्स प्रदर्शन हो चुके हैं। पहला बड़ा प्रदर्शन जून 2025 में आयोजित किया गया। इसके बाद अक्टूबर 2025 में दूसरा प्रोटेस्ट हुआ। जबकि तीसरा प्रोटेस्ट 28 मार्च यानी कल हुआ।



## खबर एक नजर...

### पिता को बुरा बोलने पर 2 युवकों के बीच विवाद

**उज्जैन।** बड़नगर थाना क्षेत्र के शांति निकेतन चौराहा पर रोहित पिता दिलीपसिंह राठौर ग्राम सुनेड़ा इंगोरिया और अशीष पिता रवि गौसर निवासी ठक्कर कालोनी बड़नगर के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामला थाने पहुंचने पर रोहित ने शिकायत दर्ज कराई कि आशीष द्वारा उसके पिता के बारे में गलत बाते की जा रही थी। वहीं आशीष ने भी अपने पिता के बारे में रोहित द्वारा गलत बात फैलाने की शिकायत दर्ज कराई। पुलिस क्रास प्रकरण दर्ज कर जांच कर रही है।

### स्कूटी सवार युवक ठिकाने लगाने निकला था शराब

**उज्जैन।** उंडासा क्षेत्र में देर शाम स्कूटी सवार युवक शराब ठिकाने लगाने निकला था। भ्रमण कर रही पुलिस को खबर मिली तो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से 28 हजार कीमत की अवैध शराब बरामद की गई। चिमनगंज थाना प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिगांड ने बताया कि भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि कानीपुरा रोड साहेबखेड़ी तिराहा के आसपास स्कूटी सवार युवक शराब बेचने की फिराक में आया हुआ है। तत्काल युवक को पकड़ने के लिये पुलिस टीम कानीपुरा मार्ग पहुंची, घेराबंदी में तिराहा के पास से स्कूटी पर झोले लेकर जा रहे युवक को रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे हुए थे। मौके पर पूछताछ में युवक का नाम हार्दिक पिता दिलीप धांदे 20 साल निवासी शास्त्रीनगर सामने आया। शराब के साथ स्कूटी जप्त कर युवक को थाने लाया गया और आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया। युवक ने देवास के रास्ते शराब लाना कबूल करते हुए बताया कि पूर्व में भी शराब लेकर आ चुका था। प्रधान आरक्षक के अनुसार आरोपित युवक को रविवार दोपहर कोर्ट में पेश किया गया। जहां से न्यायिक हिरासत में जेल भेजा गया है।

### खेतों में लगी आग, 2 दमकलों ने पाया काबू

**उज्जैन।** घट्टिया तहसील में रविवार को 10 से 12 खेतों में आग लग गई। आगजनी की खबर पर 2 दमकलें मौके पर पहुंची और कुछ देर में काबू पा लिया। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है। ग्राम निपानिया गोयल में पूर्व विधायक रामलाल मालवीय का वेयर हाउस बना हुआ है। जिसके पास कई खेत लगे हुए है। दोपहर में अचानक एक खेत में आ लगी और तेजी से फैलते हुए आसपास के 8-10 खेतों तक पहुंच गई। कुछ देर में क्षेत्र काले धुएं से भर गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की 2 दमकलें और पुलिस मौके पर पहुंच गई। खेतों में फसल कट चुकी थी और पराली बची थी। दमकल कर्मियों ने कुछ देर में सभी खेतों की आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि और नुकसान होना सामने नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है या तो किसी ने पराली जलाई होगी या फिर बढ़ते तापमान की वजह से आग फैली है। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आगजनी की किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### हरसिद्धी मंदिर के पास मिली 70 साल की वृद्धा की लाश

**उज्जैन।** हरसिद्धी मंदिर के पास रविवार सुबह 70 साल की वृद्धा का शव पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। कुछ देर में मृतक वृद्धा की पहचान पोते ने दादी के रूप में कर ली। वृद्धा कुछ दिन पहले घर छोड़कर कर निकल गई थी। महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धी मंदिर के पास महिला की लाश पड़ी होने की खबर पर पुलिस पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान के प्रयास शुरू किये, उसी दौरान अभिषेक नामक युवक ने बताया कि उक्त वृद्धा मंदिर के पास हार फूल की दुकान लगाने वाले सचिन की दादी है। अभिषेक ने सचिन को कॉल कर बुलाया। उसने शव देख अपनी दादी सुमनबाई पति भंवरसिंह परिहार 70 साल निवासी छोटी कमल कालोनी के रूप में शिनाख्त कर ली। पोते सचिन ने बताया कि दादी पहले जयसिंहपुरा में रहती थी।

# उज्जैन नगर निगम में स्पॉट फाइन घोटाला

## अस्पताल-होटलों पर जुर्माने के नाम पर घपला, 20 से ज्यादा रसीद बुक गायब, ऑडिट में खुली पोल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन नगर निगम में स्पॉट फाइन के नाम पर बड़ा घोटाला सामने आया है। शहर में स्वच्छता बनाए रखने के लिए निगम की टीमें अस्पतालों, होटलों और अन्य संस्थानों का औचक निरीक्षण करती हैं और गंदगी मिलने पर मौके पर ही जुर्माना भी वसूल करती हैं।

ये जुर्माना 500 रुपए से लेकर एक लाख रुपए तक हो सकता है। अब सामने आया है कि इसी स्पॉट फाइन व्यवस्था के जरिए बड़ी गड़बड़ी को अंजाम दिया गया। नगर निगम से 18 कर्मचारियों को दिए 20 रसीद कट्टे गायब हैं। तीन साल बाद भी उनका कोई पता नहीं। न यह पता चल सका कि कितनी रसीदें कटीं, न यह कि कितना जुर्माना वसूला गया। इन रसीद कट्टों से की गई वसूली निगम के ऑफिस में भी जमा नहीं हुई है। वित्तीय वर्ष 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट में इस पूरे मामले का खुलासा हुआ है। रिपोर्ट सामने आने के बाद निगम के अफसर भी सकते में आ गए हैं। विपक्ष इसे खुला भ्रष्टाचार बता रहा है।




### सबसे पहले जानिए स्पॉट फाइन कैसे लगता है

दरअसल, नगर निगम की टीमें शहर में सफाई व्यवस्था बनाए रखने के लिए निर्माणाधीन मकानों, अस्पतालों, होटलों और मॉल का निरीक्षण करती हैं। कहीं मलबा सड़क पर पड़ा मिले या कचरा नियमों के अनुसार नहीं निपटाया जा रहा हो, तो मौके पर ही जुर्माना लगाया जाता है। इसे ही स्पॉट फाइन कहते हैं। यह राशि संबंधित से तुरंत वसूलने के बाद तत्काल रसीद दी जाती है। नियम के मुताबिक 24 घंटे के अंदर ये राशि निगम कोषालय में जमा कराना अनिवार्य होता है। हर साल रसीद बुक का पूरा हिसाब स्टोर विभाग को देना भी जरूरी होता है।

### रसीद बुक का रिकॉर्ड गायब ऑडिट में आपत्ति

- ऑडिट में खुलासा हुआ कि जिन रसीद बुकों को इसी प्रक्रिया के तहत जारी किया गया था, वे वापस ही नहीं आईं। ये रसीद बुक 18 कर्मचारियों को दी गई थीं। इन कट्टों से कितनी रसीद कटी, कितना जुर्माना वसूला गया। सारा रिकॉर्ड गायब है।
- अब ऑडिट विभाग निगम को पत्र लिखकर पूछ रहा है कि रसीद कट्टे से कितनी रसीदें कटी और कितनी राशि आई। नहीं कटी तो वह रसीद कट्टे कहां हैं। अफसरों ने अब तक इसका जवाब नहीं दिया है।

### इन लोगों को जारी किए थे रसीद

नत्थुलाल तेजी, हिमेश मकवाना, अवंतिलाल चौहान, मुकेश भाटी, विकास शिंदे, मनोज गौसर, बंधन बाली, अब्दुल हमीद, उमेश सारवान, विजय बाली, अनिल घावरी, अजय दावरे, बालाराम, नरेंद्र घावरी, साबिर हुसैन, मनीष पांडे, हरिश बोलेगे, हुकुमसिंह को रसीद बुक दी गई थी। ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक, ये रसीद कट्टे ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, सामान्य पावती, वाहन पार्किंग और जलकर जैसी अलग-अलग मदों में दिए गए थे।

### अफसर कैमरे पर बोलने से बचते रहे

हैरानी की बात ये भी है कि इस पूरे मामले का खुलासा करने वाले भी अब बचते नजर आ रहे हैं। टीम ने जब इस रिपोर्ट को लेकर ऑडिट अफसरों से बात की, तो वे कैमरे पर कुछ भी कहने से बचते नजर आए। रिपोर्ट तैयार करने वाले अधिकारी एमएस पटेल ने पहले तो ऐसी किसी रिपोर्ट से ही इनकार कर दिया, लेकिन दस्तावेज दिखाने पर उन्होंने माना कि रसीद बुक जमा न होने का मुद्दा सामने आया था। हालांकि उन्होंने ऑन कैमरा कुछ भी कहने से इनकार कर दिया। सीनियर ऑडिटर संतोष डांगी ने भी माना कि रिपोर्ट में यह आपत्ति शामिल थी, लेकिन उन्होंने भी कैमरे पर बोलने से मना कर दिया।

### विपक्ष का आरोप- रिपोर्ट जानबूझकर छिपाते हैं

नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष रवि राय ने इसे सीधा भ्रष्टाचार करार देते हुए आरोप लगाया कि जुर्माने के नाम पर जनता से वसूली गई राशि निगम में जमा ही नहीं कराई गई।

### महापौर और आयुक्त का कहना- जांच करेंगे

इस बारे में महापौर मुकेश टटवाल का कहना है कि ऑडिट विभाग की आपत्तियां गंभीर हैं और आयुक्त को जांच के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, निगम आयुक्त अभिलाष मिश्रा का कहना है कि रिपोर्ट की जांच की जा रही है और रसीद बुक का मिलान किया जा रहा है। अगर गड़बड़ी पाई जाती है, तो संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# सिंहस्थ क्राउड कंट्रोल प्लान, प्लेटफॉर्म निर्माण शुरू

## उज्जैन में सिंहस्थ के मद्देनजर पवासा में नया स्टेशन बनाने की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

सिंहस्थ-2028 के लिए क्राउड कंट्रोल के लिए रेलवे ने पंवासा में नया रेलवे स्टेशन बनाने का निर्णय लिया है। 600 मीटर लंबा हाई लेवल स्थाई प्लेटफॉर्म बनाने के साथ ही यहां टीनशेड लगाकर नया स्टेशन तैयार किया जा रहा है। सिंहस्थ में उज्जैन मुख्य स्टेशन पर ज्यादा लोड आने की स्थिति में भोपाल ट्रैक से आने वाली ट्रेनों को पंवासा स्टेशन पर ही रोक दिया जा सकेगा।

नया स्टेशन पंवासा क्षेत्र से निकले गरोठ रोड के पास बनेगा। भोपाल की कंपनी को निर्माण का जिम्मा भी दे दिया और कंपनी ने पक्का निर्माण शुरू कर दिया। कंपनी ने गर्मी के सीजन के 3 माह में प्लेटफॉर्म का ज्यादातर काम पूरा कराने की प्लानिंग से काम शुरू किया है।

ताकि बाद में ऊपर का टीनशेड व अन्य काम बारिश में चलता रहे। इधर,



प्लेटफार्म के साथ स्टेशन का स्ट्रक्चर भी तैयार होना शुरू हो जाएगा। अलग-अलग कामों के लिए अलग-अलग एजेंसियां काम करेंगी, ताकि तय समय से पहले स्टेशन तैयार हो जाए।

# महिला क्रिकेट टीम की सदस्य स्नेहा राणा महाकाल मंदिर पहुंचीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

महाकालेश्वर की प्रसिद्ध भस्म आरती में शामिल होने के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ी स्नेहा राणा सोमवार तड़के उज्जैन पहुंचीं। वे सुबह करीब 4 बजे मंदिर पहुंचीं और नंदी हॉल में करीब 2 घंटे बैठकर भगवान महाकाल की आराधना की। उन्होंने भस्म आरती में शामिल होकर भगवान का आशीर्वाद लिया।

आरती के बाद स्नेहा राणा ने चांदी द्वार से भगवान महाकाल को जल अर्पित कर विधिवत पूजा-अर्चना की। बताया जा रहा है कि स्नेहा राणा अपने पारिवारिक मित्रों के साथ उज्जैन आई थीं। इससे पहले भी वह कई बार बाबा महाकाल के दर्शन करने आ चुकी हैं। इस दौरान श्री महाकालेश्वर मंदिर प्रबंध समिति की ओर से स्नेहा राणा का विधिवत स्वागत एवं सत्कार किया गया।



## समिति ने छोटे बच्चों के लिए तय की किताबें, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

# पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व स्कूलों को किताबों के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

जिले में इस बार पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचीबद्ध किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देशित किया गया है। उससे अलग किताबें मंगवाने पर स्कूलों पर कार्रवाई होगी। किताबों को लेकर जिला समिति ने बैठक की और उसके बाद बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से तय किया गया है। इसके बाद भी अगर पालकों की शिकायतें प्राप्त होती है तो ऐसे में स्कूलों पर सख्त कार्रवाई होगी।

इस वर्ष उज्जैन में पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति है। मेले से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों



को लेकर मार्च के मध्य में ही शिक्षा विभाग ने सबकुछ तय कर दिया है। किताबों के नाम पर निजी स्कूलों में अगर गडबड होती है और पालकों पर बेवजह का आर्थिक बोझ डाला जाता है तो ऐसे में स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना भी तय है।

**ये किया विभाग ने-** शिक्षा विभाग ने जिला समिति की बैठक बुलाई। इसमें पूर्व से स्कूलों से किताबों की सूची बुलवाकर समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने दो बार की बैठक में बच्चों की किताबों के लिए आई सूची में से ज्यादातर छोटे बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से किताबों का चयन किया गया। सुलभ एवं सस्ती किताबें रखी गई। किताबों के चयन से पालकों के साथ बारगेनिंग की स्थिति पर अंकुश लगाया गया है। चयनित किताबें ही स्कूल द्वारा मंगवाई जाएंगी अगर इसके अतिरिक्त मंगाने की शिकायतें मिली तो स्कूल पर कार्रवाई भी होगी।

**बडे बच्चों के लिए एनसीआरटी-** छोटे बच्चों के स्कूल अप्रेल में शुरू हो जाएंगे। उनकी किताबों में ही स्कूल ऐसे प्रकाशकों की किताबें रखते हैं जो सुलभता से नहीं मिलती है और उनके वितरक भी शहर में एकाध ही होते हैं। ऐसे में पालकों को मुंह मांगे दाम वाली पुस्तकें खरीदने पर मजबूर होना पडता है। इसके विपरित बडे बच्चों के लिए एनसीआरटी का कोर्स ही चलेगा।

**इनका कहना-** कलेक्टर साहब के निदेशानुसार समिति की बैठक में मध्य मार्च में ही इस मुद्दे पर किताबों का चयन कर दिया गया है। युनिफार्म को लेकर भी अगर कोई शिकवा शिकायत पालकों के स्तर से आएगी तो सीधे तौर पर कार्रवाई होगी। किताबों के मामले में सख्त कार्रवाई होना तय है। मान्यता निरस्ती एवं जुर्माने जैसी कार्रवाई करेंगे।

**-महेन्द्र खत्री ,जिला शिक्षा अधिकारी,उज्जैन**

उज्जैन
सोमवार
30
मार्च, 2026

दैनिक ब्रह्मास्त्र

दर्शने स्पर्शणे वापि, श्रवणे भाषणेऽपि वा।
यत्र द्रवत्यन्तरङ्गं स, स्नेह इति कथ्यते।।
अर्थः अगर किसी को देखने, छूने, सुनने और बात करने से दिल खुश हो जाता है, तो वह प्यार है।

# कुर्सी नहीं मिलने से बीजेपी-नेता ने सीएम का कार्यक्रम छोड़ा, नए एयरपोर्ट टर्मिनल का सीएम ने शुभारंभ किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रविवार को इंदौर दौरे पर हैं। इंदौर पहुंचते ही उन्होंने एयरपोर्ट के नए टर्मिनल भवन का शुभारंभ किया। इसके बाद वे मन की बात कार्यक्रम में शामिल हुए, जहां कई जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी रही।

इधर, सीएम संकल्प से समाधान अभियान के तहत दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में शामिल हुए। यहां भाजपा के वरिष्ठ नेता सत्यनारायण सत्तन को नर्मदा को कार्यक्रम में मंच पर बैठने के लिए कुर्सी नहीं मिली, तो वे कार्यक्रम छोड़कर निकल गए। जानकारी के अनुसार, एमआईसी सदस्य बबलू शर्मा से बैठने को लेकर हुई बातचीत के दौरान उनकी कही बात से नाराज होकर सत्तन वहां से चले गए। वहीं, बबलू शर्मा ने बताया कि सत्तन जी की कुर्सी आगे ही थी, लेकिन उस पर नाम की पर्ची नहीं लगी थी। कार्यक्रम के बाद सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि इंदौर में मां नर्मदा ने आशीर्वाद देकर हमारी सरकार के माध्यम से नगर निगम स्थानीय स्तर पर आने 25 साल के लिए अलग पहचान बनाई है। नर्मदा जी के आशीर्वाद से हमारा मेट्रोपॉलिटन सिटी का ये नया प्लान बन रहा है। वर्तमान में जो आबादी है 25 साल बाद संभवतः 65 लाख होगी, और मेट्रोपॉलिटन की 6 जिलों को




मिलाकर के डेढ़ करोड़ से ऊपर होगी। नर्मदा जी के चौथे चरण के बाद पानी की कोई समस्या नहीं आएगी। यह क्षेत्र के लिए आर्थिक रूप से समृद्धि का रिकॉर्ड बनेगा। इंदौर जो करता है सबसे अलग करता है सबसे अच्छा करता है। मुख्यमंत्री शहर को पेयजल व्यवस्था के सुदृढ़ीकरण सहित कई विकास कार्यों की महत्वपूर्ण सौगात दी। सीएम ने पेयजल परियोजना के चौथे चरण का भूमि पूजन भी किया, जिससे शहर के बुनियादी ढांचे को मजबूती मिलने के साथ नागरिकों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

मुख्यमंत्री की पहल पर संचालित ह्यसंकल्प से समाधानह्न अभियान के तहत अब तक 1 लाख 44 हजार से अधिक हितग्राहियों को लाभ मिल चुका है। दशहरा मैदान में आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न विभागों द्वारा विकासात्मक गतिविधियों पर आधारित प्रदर्शनी भी लगाई गई है, जिसमें शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और उपलब्धियों को प्रदर्शित किया जा रहा है।

सीएम ने महावीर जयंती के अवसर पर आयोजित महावीर अलंकरण समारोह में भी पहुंचे। उन्होंने कहा कि महावीर जयंती केवल एक दिन नहीं बल्कि हर दिन मानना चाहिए। जैन सिद्धांत दुनिया मे अत्यंत अलौकिक सिद्धांत है।

पौधों में प्राण है, यह सिद्ध करना जीवन का बड़ा दर्शन है। क्योंकि पौधे से भी हमें जीवनदायिनी वायु मिलती है। ज्ञानेन्द्रियाँ और कर्मेन्द्रियां जीवन के अनमोल तत्वों से वास्तविक परिचय का आधार है। इस मौलिक सिद्धांत का अनुसरण हर इंसान को करना सिखाता है। इधर, इंदौर के निपानिया स्थित एक टाउनशिप में रहने वाली इंजीनियर महिला शंपा पाठक को पिता-पुत्र ने कार से कुचल दिया था। इस हादसे में शंपा की मौत हो गई। इस मामले में उनके परिजन हाथ में तख्तियां लेकर मुख्यमंत्री से मिलने संगीत कला अकादमी पहुंचे, लेकिन टीआई तारेश सोनी ने उन्हें वहां से हटा दिया।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव इंदौर में सिहांसा आईटी पार्क में लॉंचपेड एन एनक्यूबेशन एंड इनोवेशन सेंटर का लोकार्पण किया। इसके पश्चात उन्होंने स्टार्टअप करने वाले युवाओ के साथ संवाद किया। साथ इस सेंटर की उपयोगिता जानी। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बास्केटबॉल कॉम्प्लेक्स में चल रही बॉडी बिल्डिंग चैंपियनशिप-2026 को 5 लाख रुपए देने की घोषणा की। इस दौरान उन्होंने कहा कि शरीर की साधन का अद्भुत खेल है बॉडी बिल्डिंग।

## खबर एक नजर...

### इंदौर में ट्रेवल्स संचालक ने की आत्महत्या:पत्नी ने घर लौटकर फंदे पर देखा शव

**इंदौर.** इंदौर के हीरानगर इलाके में एक ट्रेवल्स संचालक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि देर रात जब उसकी पत्नी नौकरी से घर लौटी, तो उसने पति को फंदे पर लटका हुआ पाया। इसके बाद उसने तुरंत परिजनों को सूचना दी।

घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू की। फिलहाल घटनास्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पुलिस आत्महत्या के कारणों का पता लगाने में जुटी है। हीरानगर पुलिस के मुताबिक शारदा नगर में रहने वाले कृष्णकांत पुत्र रविशंकर अनजाने निवासी हीरनगर ने अपने घर में सुसाइड कर लिया। कृष्णकांत ट्रेवल्स का काम करता था। शनिवार को अपने घर पर अकेला था। रात में पत्नी भारती जब घर आई तो उसने पति को फंदे पर देखा।

परिवार के लोगों ने बताया कि कृष्णकांत मूल रूप से हरदा का रहने वाला था। माता-पिता वहीं रहते हैं। परिवार में एक बडा भाई है जो आईटी कंपनी में जॉब करता है। कृष्णकांत की सिंतबर 2024 में शादी हुई थी। उसने भारती से लव मैरिज की थी। मृतक की पत्नी भी एक बेकरी शॉप पर पलासिया इलाके में जॉब करती है। परिवार के मुताबिक मौके से सुसाइड नोट नहीं मिला है। वहीं कर्ज या किसी से विवाद की बात भी सामने नहीं आई है। फिलहाल मामला जांच में है।

### पूर्व साथी ने किन्नर पर किया चाकू से हमला:

इंदौर के राजेंद्र नगर में रहने वाले किन्नर पर उसके पूर्व साथी ने हमला कर दिया। बताया जा रहा है कि आरोपी को रुपए की जरूरत थी। इसके लिए उसने किन्नर से रुपए उधार मांगे थे। नहीं देने पर चाकू मारकर फरार हो गया। पुलिस मामले में आरोपी की तलाश कर रही है।

राजेंद्र नगर पुलिस के मुताबिक, अमन उर्फ अलीशा कुंवर निवासी बुद्ध नगर की शिकायत पर पुलिस ने आकाश उर्फ विकास निवासी अहीरखेड़ी के खिलाफ चाकूबाजी के मामले में एफआईआर दर्ज की है। अलीशा ने बताया कि शनिवार को वह माता विसर्जन कर रात करीब 9 बजे अपने घर जा रही थी। तभी आकाश आया और कहने लगा कि उसे रुपए की जरूरत है। इस पर अलीशा ने इनकार कर दिया। इसके बाद आरोपी ने अपशब्द कहे और बाल पकड़कर उसे नीचे गिरा दिया। वहीं, चाकू से पैर के पीछे और हाथ पर वार कर दिया।

अलीशा ने बताया कि इस दौरान उसकी मौसी ने बीच-बचाव किया, लेकिन आरोपी ने उनके साथ भी मारपीट कर दी। इसके बाद आरोपी मौके से भाग गया। अलीशा के मुताबिक, तीन साल पहले वह आकाश के साथ रहती थी।

# इंदौर में हत्यारे पिता-पुत्र को बिल्डिंग लेकर पहुंची पुलिस, रहवासियों का फूटा गुस्सा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के लसूडिया क्षेत्र स्थित शिव वाटिका में बुधवार रात तेज रफ्तार कार से कुचले जाने से आईटी कंपनी की इंजीनियर शंपा पाठक की मौत हो गई थी। आरोपी पिता-पुत्र ने कार से उन्हें कुचल दिया था, वहीं चौकीदार रेणुका को भी टक्कर मारने की कोशिश की गई थी। इस गंभीर मामले में लसूडिया पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया और दो दिन का रिमांड लिया।

रविवार को कोर्ट में पेशी से पहले पुलिस दोनों आरोपियों को बिल्डिंग में लेकर पहुंची, जहां चौकीदार और अन्य लोगों से उनकी शिनाख्त कराई गई। कुछ देर रुकने के बाद पुलिस उन्हें वापस कोर्ट के लिए ले गई। इस दौरान बिल्डिंग के रहवासी आरोपियों को देखकर काफी गुस्से में नजर आए।

लसूडिया थाना प्रभारी टीआई तारेश सोनी रविवार को आरोपी मोहनीश उर्फ मोहित चौधरी और उसके पिता कुलदीप को लेकर शिव वाटिका बिल्डिंग पहुंचे। यहां पुलिस ने उनसे कार पार्किंग की जगह को लेकर पूछताछ की। इस दौरान आरोपियों को देखने के लिए बड़ी संख्या में बिल्डिंग के रहवासी मौके पर जमा हो गए। रहवासियों का गुस्सा बढ़ता देख पुलिस दोनों आरोपियों को वापस ले जाने लगी। गेट के बाहर भी उन्हें कुछ देर रोका गया, जहां मौजूद लोगों ने नाराजगी जताते हुए उन पर जूते मारने तक की बात कही। स्थिति बिगड़ती देख पुलिस तुरंत दोनों को वहां से लेकर रवाना हो गई। इसके बाद पुलिस दोनों आरोपियों को कोर्ट लेकर पहुंची। टीआई के अनुसार, दोनों का रिमांड रविवार को समाप्त हो रहा है, इसलिए उन्हें कोर्ट में पेश किया जा रहा है। मामले में पुलिस की मुख्य जांच प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, जबकि आगे बिल्डिंग के कुछ लोगों के बयान लिए जाना बाकी है। नगर निगम के अधिकारी शनिवार को बिल्डिंग पहुंचे और यहां दोनों पेंटहाउस पर नोटिस चस्पा किए। नोटिस में आरोपियों को 7 दिन के भीतर जवाब देने के लिए कहा गया है।

# 13 साल बाद सबूत नहीं मिले, 2012 में दर्ज हुई थी एफआईआर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

2008 की पटवारी चयन परीक्षा से जुड़े कथित फर्जीवाड़े के मामले में करीब 13 साल बाद कोर्ट ने आरोपी को बरी कर दिया। जिला कोर्ट ने विजयनगर निवासी महेश मकवाना को धोखाधड़ी समेत अलग-अलग धाराओं से संदेह का लाभ देते हुए दोषमुक्त घोषित किया।

अभियोजन के अनुसार 2008 में व्यावसायिक परीक्षा मंडल द्वारा आयोजित पटवारी चयन परीक्षा में आरोपी का चयन हुआ था। चयन के बाद उसे प्रशिक्षण के लिए भेजा गया। जांच के दौरान उत्तर प्रदेश के एक विश्वविद्यालय की बीसीए मार्कशीट को कथित रूप से फर्जी पाया गया था। इसी आधार पर कार्रवाई शुरू हुई। कलेक्टर कार्यालय के भू-अभिलेख शाखा से 1 दिसंबर 2010 को शिकायत भेजी गई थी। इसके बाद 1 फरवरी 2012 को रावजी बाजार थाने में एफआईआर दर्ज की गई। जून 2013 में चालान कोर्ट में पेश किया गया। आरोपी की ओर से एडवोकेट ललित काला ने पैरवी की। सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि अभियोजन यह साबित नहीं कर सका कि आरोपी ने फर्जी दस्तावेज तैयार कर उनका उपयोग किया। पर्याप्त साक्ष्य नहीं होने पर अदालत ने आरोपी को संदेह का लाभ देते हुए बरी कर दिया।

### राजा रघुवंशी हत्याकांड के बाद परिवार में जन्मा बेटाः मां बोलीं-

# हमारा राजा वापस लौट आया, ग्यारस पर गया था, ग्यारस पर ही आया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के ट्रांसपोर्ट कारोबारी राजा रघुवंशी की हत्या का मामला देशभर में चर्चित रहा। अब उसी परिवार में एक ऐसी खुशी लौटी है, जिसकी किसी ने कल्पना भी नहीं की थी। घर में गूंजी एक किलकारी ने कुछ देर के लिए गम को पीछे छोड़ दिया। परिवार के लोग भावुक होकर कह रहे हैं- हमारा राजा वापस लौट आया।

रविवार को रघुवंशी परिवार में एक बेटे का जन्म हुआ है, जिससे घर में फिर से रौनक लौट आई। नवजात को परिवार



के सदस्य ह्रराजाह्न नाम से ही पुकार रहे हैं। यह खुशखबरी राजा रघुवंशी के बड़े भाई सचिन रघुवंशी के घर आई है। पिछले 8-9 महीनों से बेटे की हत्या के दुख में डूबा परिवार अब इस नई खुशी से मुस्कुराता नजर आया।

राजा रघुवंशी के भाई विपिन रघुवंशी ने बताया कि हत्या के बाद जब तेरहवीं हुई थी, तब कामाख्या मंदिर के पुजारी ने कहा था कि भाइयों में से किसी के घर राजा दोबारा जन्म लेगा। उनका कहना था कि राजा की मृत्यु स्वाभाविक नहीं, बल्कि हत्या हुई है, इसलिए वह किसी न किसी रूप में वापस आ सकता है। विपिन ने बताया कि परिवार में कुल नौ भाई हैं, लेकिन यह सुख उनके भाई सचिन के घर ही आया। वे मानते हैं कि पुजारी की बात सच साबित हुई है। उन्होंने कहा कि उनकी भाभी पहले भी राजा का बहुत ख्याल रखती थीं और उसे अपने बेटे की तरह मानती थीं। अब वही भाभी उसके बेटे के रूप में ह्रराजाह्न को जन्म देकर उसे फिर से परिवार के बीच ले आई हैं।

विपिन ने बताया कि जिस दिन उनके भाई राजा रघुवंशी की हत्या हुई थी, उस दिन भी ग्यारस थी और आज भी ग्यारस का ही दिन है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार, राजा की मृत्यु दोपहर 2:40 बजे हुई थी, जबकि आज जन्मा बच्चा भी दोपहर 2:42 बजे पैदा हुआ। लगभग एक ही समय होने को परिवार एक विशेष संयोग मान रहा है।

## खबर एक नजर...

### खेतों में लगी आग, 2 दमकलों ने पाया काबू

उज्जैन। घट्टिया तहसील में रविवार को 10 से 12 खेतों में आग लग गई। आगजनी की खबर पर 2 दमकलें मौके पर पहुंची और कुछ देर में काबू पा लिया। आगजनी में कोई जनहानि नहीं हुई है।

ग्राम निपानिया गोयल में पूर्व विधायक रामलाल मालवीय का वेयर हाऊस बना हुआ है। जिसके पास कई खेत लगे हुए है। दोपहर में अचानक एक खेत में आ लगी और तेजी से फैलते हुए आसपास के 8-10 खेतों तक पहुंच गई। कुछ देर में क्षेत्र काले धुएं से भर गया। आग लगने की सूचना मिलते ही फायर बिग्रेड की 2 दमकलें और पुलिस मौके पर पहुंच गई। खेतों में फसल कट चुकी थी और पराली बची थी। दमकल कर्मियों ने कुछ देर में सभी खेतों की आग पर काबू पा लिया गया। आगजनी में किसी प्रकार की जनहानि और नुकसान होना सामने नहीं आया है। आशंका जताई जा रही है या तो किसी ने पराली जलाई होगी या फिर बढ़ते तापमान की वजह से आग फैली है। मामले में थाना प्रभारी करण खोवाल ने बताया कि आगजनी की किसी ने शिकायत दर्ज नहीं कराई है।

### खजूर की डालियां थाम ईसाई समुदाय ने बनाया पॉम संडे

**उज्जैन।** ईसाई समुदाय ने रविवार को पॉम संडे की आराधना की। सामजजनों ने हाथों में खजूर की डालियां थामी और धार्मिक गीत के साथ प्रार्थना की। ईसाई समाज अपने प्रभु यीशु के यरूशलम नगर प्रवेश की याद में पॉम संडे (खजूर रविवार)का पर्व मनाता है। इस अवसर पर मसीही चर्च से जुलूस निकाला गया।

धर्मग्रंथ बाईबल के अनुसार प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाये जाने से पहले उनका यरूशलम में प्रवेश हुआ था, उनके आगमन पर अनुयायियों ने उनके अभिवादन में खजूर की डालियां बिछाकर उनका स्वागत किया था और दाऊद का पुत्र होसन्ना धन्य है का उद्घोष किया था। यरूशलम में प्रवेश के बाद प्रभु यीशु पर झूठे आरोप लगाकर उन्हे सूली पर चढ़ा दिया गया था। उनके यरूशलम प्रवेश को विजय दिवस के रूप में मनाते हुए मरिया नगर स्थित कैथोलिक चर्च में सुबह 8 बजे आर्च बिशप सेबास्ट्रियन वडक्केल द्वारा खजूर की डालियों को आशिषीत किया गया और समाजजनों को सौंपा।

### माँ अन्नपूर्णा हलवाई एवं सर्विस कैटर्स संघ उज्जैन का होली मिलन एवं सम्मान समारोह सम्पन्न,

# हलवाई संघ का बड़ा निर्णयः शादियों में रात 11 बजे के बाद नहीं होगा कार्य, बचा भोजन जाएगा गौशाला





### विधायक कालूहैड़ा ने भोजन पहुँचाने हेतु वाहन देने की घोषणा की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

माँ अन्नपूर्णा धाम मोहनपुरा बड़नगर रोड पर शनिवार को माँ अन्नपूर्णा हलवाई एवं सर्विस कैटर्स संघ उज्जैन का होली मिलन एवं सम्मान समारोह हर्षोल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। इस अवसर पर हलवाई व्यवसाय से जुड़ी प्रमुख समस्याओं पर चर्चा की गई और वैवाहिक व अन्य कार्यक्रमों में रात 11:00 बजे के बाद कार्य न करने और गरम भोजन न परोसने पर आम सहमति बनी।

समारोह प्रदेश महामंत्री कृष्ण वल्लभ भागवत के मार्गदर्शन एवं प्रदेश सचिव अशोक सिंह गहलोत के नेतृत्व में आयोजित किया गया। मुख्य अतिथि विधायक अनिल जैन कालूहैड़ा, होटल एवं रिसोर्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष समाजसेवी रवि सोलंकी, प्रदेश महामंत्री कृष्ण वल्लभ भागवत, प्रदेश सचिव अशोक सिंह गहलोत एवं अध्यक्ष सतीश लश्करी ने दीप प्रज्वलन व माँ अन्नपूर्णा की आरती कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

संघ द्वारा अतिथियों का केसरिया दुपट्टा एवं माँ अन्नपूर्णा का चित्र भेंट कर सम्मान किया गया। इसके पश्चात अतिथियों द्वारा प्रदेशभर से आए हलवाई संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों का केसरिया दुपट्टा व सम्मान पत्र देकर बहुमान किया गया।

अपने उद्बोधन में प्रदेश महामंत्री कृष्ण वल्लभ भागवत ने बताया कि मध्यप्रदेश हलवाई संघ ने निर्णय लिया है कि अब वैवाहिक सहित अन्य कार्यक्रमों में रात 11:00 बजे के बाद कार्य नहीं किया जाएगा और न ही गरम भोजन परोसा जाएगा। इस निर्णय पर सभी सदस्यों ने अपनी सहमति दी। प्रदेश सचिव अशोक सिंह गहलोत ने बताया कि वर्तमान में लेबर की कमी, अत्यधिक कार्य समय और अन्य समस्याओं के चलते यह निर्णय आवश्यक हो गया था। इसके साथ ही बचे हुए भोजन को नगर निगम द्वारा संचालित गौशालाओं में भेजने का भी निर्णय लिया गया। इस नेक कार्य के लिए विधायक अनिल जैन कालूहैड़ा ने संघ को एक वाहन उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

## महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर आयोजित होगा भव्य कार्यक्रम

### एक शाम भगवान महावीर के नाम

### 1008 दीपकों से होगी भगवान की महाआरती

### छोटे बच्चों को पालना झुलाने का विशेष कार्यक्रम एवं धार्मिक तंबोला का होगा आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी तपोभूमि प्रणेता आचार्य गुरुदेव श्री प्रज्ञा सागर जी महाराज के आशीर्वाद से महावीर जयंती की पूर्व संध्या पर आज 'एक शाम भगवान महावीर के नाम' का भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

समाज के सचिव एवं मीडिया प्रभारी सचिन कासलीवाल ने बताया कि भगवान महावीर स्वामी की 1008 दीपकों से विशेष आरती की जाएगी। छोटे बच्चों को पालना झुलाने के कार्यक्रम में विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें 'बाल महावीर' के रूप में पुरस्कृत किया जाएगा। साथ ही, धार्मिक भजनों पर भक्ति के बीच तंबोला का विशेष आयोजन होगा, जिसमें विशेष नकद पुरस्कार दिए जाएंगे। यह कार्यक्रम श्री महावीर तपोभूमि ट्रस्ट एवं परिवार द्वारा आयोजित किया जाएगा।

31 मार्च के विशेष कार्यक्रमः

इसी प्रकार 31 मार्च को सुबह 8:00 बजे चल समारोह आयोजित किया जाएगा। तत्पश्चात दोपहर में जयसिंहपुर दिगंबर जैन मंदिर में वात्सल्य भोज आयोजित होगा। शाम को तपोभूमि पर भी चल समारोह, वात्सल्य भोज, पालना झुलाने का कार्यक्रम व महाआरती आयोजित होगी।

## बाल संस्कार पाठशाला में बच्चों ने सीखे जीवन कौशल और धार्मिक संस्कार

### 6 दिवसीय ग्रीष्मकालीन शिविर में नन्हें बच्चों ने मिलकर की 150 सामायिक की साधना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



श्री महावीर जैन स्थानकवासी न्यास सुभाष नगर द्वारा संचालित बाल संस्कार पाठशाला के छह दिवसीय ग्रीष्मकालीन संस्कार शिविर का भव्य समापन हुआ। 24 से 29 मार्च तक चले इस शिविर में बच्चों ने धार्मिक ज्ञान के साथ-साथ जीवन कौशल की बारीकियों को भी समझा।

शिविर में 3 से 15 वर्ष तक के 49 बच्चों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। भक्तिमय वातावरण में नन्हें बच्चों ने मिलकर लगभग 150 सामायिक की साधना की। प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों ने बच्चों को सामायिक का मर्म, 25 बोल, 67 बोल, 14 स्वप्न और तीर्थंकर चिह्नों के महत्व से अवगत कराया। इसके साथ ही, आज के युग में स्मार्ट वर्क और लाइफ स्किल्स की उपयोगिता पर विशेष सत्र आयोजित किए गए। बच्चों के उत्साहवर्धन के लिए प्रतिदिन धार्मिक गेम्स, ध्यान और प्रार्थना के साथ लक्की ड्रॉ, प्रभावना एवं स्वल्पाहार की व्यवस्था रही। समापन समारोह में रोहिणी लोढ़ा एवं अमिता मेहता मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहीं। उन्होंने बच्चों द्वारा सीखे गए संस्कारों की सराहना की। शिविर को सफल बनाने में अर्चना बापना, ऋतु जैन, दीपिका मारू, हेमा दलाल, अखिला जैन, विनय कोठारी और यश जैन ने अपनी निस्वार्थ सेवाएं प्रदान कीं। कार्यक्रम का सफल संचालन ऋतु जैन ने किया एवं अंत में विनय कोठारी ने सभी आगंतुकों व सहयोगियों के प्रति आभार माना।

### सीएम डॉ. मोहन यादव ने नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप में बांटे पुरस्कार, 5 लाख देने की घोषणा

# 450 से अधिक शरीर साधकों ने अपनी मांसपेशियों का अद्भुत प्रदर्शन किया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

खेलों की राजधानी इंदौर में इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई और राज्य शरीर सौष्ठव संस्था मुख्यालय उज्जैन के तत्वावधान में 17वीं सीनियर मेंस व वूमेंस नेशनल बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप का महामुकाबला आयोजित किया गया। इस राष्ट्रीय स्पर्धा में देश भर के 450 से अधिक शरीर साधकों ने देशभक्ति की धुनों पर अपनी मांसपेशियों का अद्भुत प्रदर्शन कर खेल प्रेमियों को रोमांचित कर दिया।





पुरस्कार वितरण समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव रहे, जिन्होंने विजेताओं को पुरस्कृत किया। शरीर साधकों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मेहनत, मशक्कत, अनुशासन, संयम और विवेक के खेल का नाम ही बॉडीबिल्डिंग है। इसमें शरीर साधक अपनी मांसपेशियों को वर्षों की कड़ी मेहनत से तराशते हैं। इस अवसर पर डॉ. मोहन यादव ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए स्वेच्छा अनुदान मद से स्पर्धा के लिए 5 लाख रुपये प्रदान करने की घोषणा की।

### दिग्गज खिलाड़ियों और अतिथियों का हुआ सम्मान

समारोह में सांसद शंकर लालवानी, कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट, विधायक मधु वर्मा, मालिनी गौड़ और गोलू शुक्ला विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस दौरान पूर्व वर्ल्ड चैंपियन एवं अर्जुन अवार्डी प्रेमचंद ढींगरा, इंडियन बॉडीबिल्डर फेडरेशन मुंबई के अध्यक्ष स्वामी रमेश, चेतन पठारी, इंटरनेशनल महासचिव टीवी पोली और अर्जुन अवार्डी भास्कर का विशेष अभिनंदन किया गया।

अतिथियों का स्वागत अतिन तिवारी, प्रेम सिंह यादव, जितेंद्र सिंह कुशवाहा और गजेंद्र मेहता ने किया। चैंपियनशिप का प्रभावी एवं गरिमामय संचालन शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके ने किया, जबकि अंत में आभार रोहित जेठवा द्वारा माना गया।

## खबर एक नजर...

### फ्रूट का ठेला लगाने वाले युवक को बदमाशों ने मारे चाकू

उज्जैन। अशोकनगर में रहने वाला जसप्रित 27 साल वाल्मिकी नगर में फ्रूट का ठेला लगाता है। शनिवार रात वह वाल्मिकी नगर में परिचित की शादी में शामिल होकर वापस अशोक नगर लौट रहा था। तभी सुमित किराना के सामने रोहित और संजय ने अपने 3-4 साथियों के साथ रास्ता रोका और रंगदारी करते हुए फ्रूट का ठेला लगाने पर 5 हजार रुपए मांगे। जसप्रित के मना करने पर उसके साथ चाकू से हमला कर बाइक में तोड़फोड़ की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मारपीट में घायल जसप्रित को परिचित विजय कौशल माधवनगर थाने लेकर पहुंचा। मामले में पुलिस ने विजय की शिकायत पर जसप्रित के साथ मारपीट कर अवैध वसूली की मांग करने वालों के खिलाफ बीएनएस की 7 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार नामजद आरोपी रोहित और संजय के गिरफ्त में आने पर मारपीट में शामिल उनके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### उत्तरप्रदेश से गिरफ्त में आया अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी

उज्जैन। भाटपचलाना थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चार दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने उत्तरप्रदेश के वृंदावन से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दौरान सामने आया कि नाबालिग को भाटपचलाना का रहने वाला 28 वर्षीय मंगलसिहं पिता जोरावरसिंह अपने साथ ले गया है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसे उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग ने बयान में बताया कि मंगल उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। उसने गलत काम किया है। नाबालिग के बयान पर पुलिस ने मंगल के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर आरोपी को सबजेल भेजा है। बताया जा रहा है कि अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी शादीशुदा है, जिसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

### मान उतारकर लौट रहा परिवार सड़क दुर्घटना में घायल

उज्जैन। महिदुपर के बिसलाखेड़ी का रहने वाला भैरूलाल पिता बगदीराम चौधरी अपने 9 माह के पुत्र पारस की मान उतारने के लिये परिवार के साथ उन्हेल के पास गांव गया था। जहां से भैरूलाल अपनी पत्नी रेखा, पुत्र पारस और 4 वर्षीय पुत्री माही के साथ बाइक से शनिवार-रविवार रात वापस महिदपुर लौट रहा था। उन्हेल मार्ग पर तेजगति से आई कार ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में भैरूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुत्र-पुत्री को चोंट आई। पत्नी को मामूली रूप से जख्मी हुई है। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था।

## समिति ने छोटे बच्चों के लिए तय की किताबें, शिकायत मिली तो होगी कार्रवाई

# पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व स्कूलों को किताबों के निर्देश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जिले में इस बार पुस्तक मेले के आयोजन से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देश दिए जा चुके हैं। सूचीबद्ध किताबों को लेकर स्कूलों को निर्देशित किया गया है। उससे अलग किताबें मंगवाने पर स्कूलों पर कार्रवाई होगी। किताबों को लेकर जिला समिति ने बैठक की और उसके बाद बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से तय किया गया है। इसके बाद भी अगर पालकों की शिकायतें प्राप्त होती है तो ऐसे में स्कूलों पर सख्त कार्रवाई होगी।

इस वर्ष उज्जैन में पुस्तक मेले के आयोजन को लेकर संशय की स्थिति है। मेले से पूर्व ही छोटे बच्चों की किताबों



को लेकर मार्च के मध्य में ही शिक्षा विभाग ने सबकुछ तय कर दिया है। किताबों के नाम पर निजी स्कूलों में अगर गडबड होती है और पालकों पर बेवजह का आर्थिक बोझ डाला जाता है तो ऐसे में स्कूलों के खिलाफ सख्त कार्रवाई होना भी तय है।

शिक्षा विभाग ने जिला समिति की बैठक बुलाई। इसमें पूर्व से स्कूलों से किताबों की सूची बुलवाकर समिति के समक्ष रखा गया। समिति ने दो बार की बैठक में बच्चों की किताबों के लिए आई सूची में से ज्यादातर छोटे बच्चों के लर्निंग मटेरियल के मान से किताबों का चयन किया गया। सुलभ एवं सस्ती किताबें रखी गई। किताबों के चयन से पालकों के साथ बारगनिंग की स्थिति पर अंकुश लगाया गया है। चयनित किताबें ही स्कूल द्वारा मंगवाई जाएंगी अगर इसके अतिरिक्त मंगाने की शिकायतें मिली तो स्कूल पर कार्रवाई भी होगी।

छोटे बच्चों के स्कूल अप्रेल में शुरू हो जाएंगे। उनकी किताबों में ही स्कूल ऐसे प्रकाशकों की किताबें रखते हैं जो सुलभता से नहीं मिलती है और उनके वितरक भी शहर में एकाध ही होते हैं। ऐसे में पालकों को मुंह मांगे दाम वाली पुस्तकें खरीदने पर मजबूर होना पडता है। इसके विपरित बडे बच्चों के लिए एनसीआरटी का कोर्स ही चलेगा।

### इनका कहना

कलेक्टर साहब के निदेशार्नुसार समिति की बैठक में मध्य मार्च में ही इस मुद्दे पर किताबों का चयन कर दिया गया है। युनिफार्म को लेकर भी अगर कोई शिकवा शिकायत पालकों के स्तर से आएगी तो सीधे तौर पर कार्रवाई होगी। किताबों के मामले में सख्त कार्रवाई होना तय है। मान्यता निरस्ती एवं जुमार्ने जैसी कार्रवाई करेंगे।

**-महेन्द्र खत्री ,जिला शिक्षा अधिकारी,उज्जैन**

### स्कूटी सवार युवक ठिकाने लगाने निकला था शराब

**उज्जैन।** उंडासा क्षेत्र में देर शाम स्कूटी सवार युवक शराब ठिकाने लगाने निकला था। भ्रमण कर रही पुलिस को खबर मिली तो युवक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। उसके पास से 28 हजार कीमत की अवैध शराब बरामद की गई। चिमनगंज थाना प्रधान आरक्षक राजेन्द्र सिगांड ने बताया कि भ्रमण के दौरान खबर मिली थी कि कानीपुरा रोड साहेबखेड़ी तिराहा के आसपास स्कूटी सवार युवक शराब बेचने की फिराक में आया हुआ है। तत्काल युवक को पकड़ने के लिये पुलिस टीम कानीपुरा मार्ग पहुंची, घेराबंदी में तिराहा के पास से स्कूटी पर झोले लेकर जा रहे युवक को रोका गया और झोलों की तलाशी ली गई। जिसमें देशी शराब के क्वार्टर भरे हुए थे। मौके पर पूछताछ में युवक का नाम हार्दिक पिता दिलीप धांदे 20 साल निवासी शास्त्रीनगर सामने आया। शराब के साथ स्कूटी जप्त कर युवक को थाने लाया गया और आबकारी अधिनियम का प्रकरण दर्ज किया गया।

# किसानों का वेश धारण कर पुलिस ने मारी दबिश

## झोपड़ी में जुआं खेलते मिले 8 जुआरी, 51 हजार की राशि बरामद

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जुआरियों को पकड़ने के लिये रविवार को पुलिस ने किसानों का वेश धारण किया और खेत पर बनी झोपड़ी में दबिश मारी। 8 जुआरियों को हिरासत में लेकर उनके पास से 51 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की गई। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि ग्राम झिरन्या में खेत पर बनी झोपड़ी में कई लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर मिली थी। जुआरियों को पकड़ने के लिये योजना बनाई गई और एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक संदीप यादव, नटवरसिंह, आनंदसिंह, सौदागर, दिनेश, हेमराज, अंकित पांचाल और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों सहित 15 लोगों की टीम बनाई गई। सभी ने ग्रामीणों का वेश धारण



किया। किसी ने टोपी लगाई तो किसी ने गमछा गले में डाला, कुछ बनिया पहनकर निकले। ग्राम झिरन्या पहुंचकर टीम 1 किलो मीटर पैदल अलग-अलग रास्तों से खेत तक पहुंची और झोपड़ी में दबिश मारी। मौके से दशरथ पिता मोहननाथ निवासी ग्राम बेड़ावन्या, फिरोज पिता अल्लानूर ग्राम बागला, नगजी पिता भेरूलाल, भुरू पिता याकूब खान ग्राम झिरनया, समंदर पिता मनोहर सिंह ग्राम पलसोड़ा, अहमद उर्फ पप्पू पिता सुल्तान खान ग्राम पिपलिया मोलू थाना उन्हेल, बनेसिंह पिता कालूसिंह ग्राम झिरन्या और लक्ष्मण पिता हिंदू गुर्जर निवासी जलवाल थाना खाचरोद को हिरासत में लिया। झोपड़ी से नगद राशि 51 हजार 500 रुपए और ताश पत्ती बरामद की गई। सभी को थाने लाया गया और जुआ एक्ट अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार जुआरियों से पूछताछ में सामने आया कि खेत उन्हेल के ग्राम पिपलिया मोलू में रहने वाले अहमद उर्फ पप्पू खान का है। उसके द्वारा ही खेत पर बनी झोपड़ी में जुआ खेलने के लिये फड़ लगाई गई थी। कुछ दिनों से झोपड़ी में जुआ खेला जा रहा था, जिसमें आसपास के ग्रामीण दांव लगाने आ रहे थे।

# हरसिद्धी मंदिर के पास मिली 70 साल की वृद्धा की लाश

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

हरसिद्धी मंदिर के पास रविवार सुबह 70 साल की वृद्धा का शव पुलिस ने लोगों की सूचना पर बरामद किया। कुछ देर में मृतक वृद्धा की पहचान पोते ने दादी के रूप में कर ली। वृद्धा कुछ दिन पहले घर छोड़कर कर निकल गई थी।

महाकाल थाना क्षेत्र के हरसिद्धी मंदिर के पास महिला की लाश पड़ी होने की खबर पर पुलिस पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ कर महिला की पहचान के प्रयास शुरू किये, उसी दौरान अभिषेक नामक युवक ने बताया कि उक्त वृद्धा मंदिर के पास हार फूल की दुकान लगाने वाले सचिन की दादी है। अभिषेक ने सचिन को कॉल कर बुलाया। उसने शव देख अपनी दादी सुमनबाई पति भंवरसिंह परिहार 70 साल निवासी छोटी कमल कालोनी के रूप में शिनाख्त कर ली। पोते सचिन ने बताया कि दादी पहले जयसिंहपुरा में रहती थी। 3 साल पहले ही छोटी कमल कालोनी में रहने आई थी। कुछ दिनों पहले पारिवारिक विवाद होने पर घर छोड़कर चली गई थी। कुछ दिनों पहले दिखाई दी थी, उस वक्त घर चलने को कहा था, लेकिन मना कर दिया था। वह फुटपाट पर रहने लगी थी। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया और शव परिजनों को सौंपा। फिलहाल मौत की वजह सामने नहीं आई है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने पर कारण सामने आ पायेगा।

### पिता को बुरा बोलने पर 2 युवकों के बीच विवाद

उज्जैन। बड़नगर थाना क्षेत्र के शांति निकेतन चौराहा पर रोहित पिता दिलीपसिंह राठौर ग्राम सुनेड़ा इंगोरिया और अशीष पिता रवि गौसर निवासी ठक्कर कालोनी बड़नगर के बीच विवाद हो गया। दोनों ने एक-दूसरे के साथ मारपीट की और जान से मारने की धमकी देने लगे। लोगों ने बीच-बचाव कर मामला शांत कराया। मामला थाने पहुंचने पर रोहित ने शिकायत दर्ज कराई कि आशीष द्वारा उसके पिता के बारे में गलत बाते की जा रही थी। वहीं आशीष ने भी अपने पिता के बारे में रोहित द्वारा गलत बात फैलने की शिकायत दर्ज कराई।

# पत्थर से कुचला था सिर, बोरे में बंद कर फैंकी थी लाश

## 30 माह बाद आरोपी को आजीवन कारावास की सजा

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

जूना नागदा चम्बल नदी के पास सिर कुचली बोरे में बंद मिली महिला की लाश के मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपी को 30 माह बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 20 सितंबर 2023 को ग्राम पाल्याकला में रहने वाले मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर सेल्समेन है। उसकी मां बरदीबाई एक दिन पहले सब्जी लेने बाजार गई थी, जो वापस नहीं लौटी है। सभी रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन वहां भी नहीं पहुंची है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 21 सितंबर 2023 को डायल 100 पर सूचना मिली कि जूना नागदा ईंट भट्टे के पास एक महिला की लाश पड़ी है। आरक्षक धीरज यादव घटनास्थल पहुंचा तो बोरे में बंद लाश पड़ी होना सामने आई। उस वक्त थाना प्रभारी नलिन बुधोलिया थे, जो एसआई हेमंतसिंह जादौन के साथ मौके पर पहुंचे। महिला का सिर कुचलने के बाद बोरे में बंद कर लाश फेंकी जाना सामने आया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। कुछ दिन बाद रतनलाल पिता कालू गुर्जर को पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में हत्या कर लाश फेंकना कबूल कर लिया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर न्यायालय में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया। 30 माह तक चली सुनाई के बाद अनूसूचित जाति एवं जनजाति (अत्याचार निवारण) विशेष न्यायाधीश अरविंद प्रतापसिंह चौहान ने सुनवाई पूरी होने पर फैसला सुनाते हुए आरोपी रतनलाल गुर्जर को आजीवन कारावास की सजा से दंडिंत किया। मीडिया सेल प्रभारी भदौरिया के अनुसार प्रकरण में अनुसंधान के दौरान प्रभारी उपनिदेशक अभियोजन राजेन्द्र कुमार खांडेगर ने विधिक परामर्श के साथ सक्ष्य संकलन करने में मार्गदर्शन दिया। वहीं पैरवी ईश्वरसिंह केलकर विशेष लोक अभियोजक द्वारा की गई। नागदा के तत्कालीन एसआई हेमंतसिंह जादौन ने बताया कि महिला की हत्या का मामला सामने आने और आरोपी को गिरफ्तार करने के बाद पूछताछ में सामने आया था कि महिला और आरोपी एक-दूसरे से परिचित थे। मृतक महिला द्वारा आरोपी की जमीन अपने नाम कराने का दबाव बनाया जा रहा था। जिसके चलते रास्ते से हटाने की योजना बनाकर आरोपी पहले महिला को अपने साथ खेत पर ले गया था और पत्थर से सिर कुचलकर हत्या करने के बाद शव को बोरे में बंद कर रात के समय चंबल नदी किनारे ईंट भट्टे के पास फेंक आया था।

### उधार दिये रुपए मांगे तो फर्शी से किया हमला

उज्जैन। ग्राम केसरपुर निपानिया में रहने वाले जितेन्द्र पिता सोहनसिंह मोंगिया ने सात माह पहले गांव में रहने वाले भगवान को जरूरत होने पर ढाई लाख रुपए उधार दिये थे। भगवान ने 2 माह में रुपए वापस लौटाने की बात कहीं थी, लेकिन सात माह बाद भी रुपए नहीं लौटाये और मुंह छिपाने लगा। शनिवार रात जितेन्द्र घर लौट रहा था उसी दौरान भगवान उसे गांव में किराना दुकान पर दिखाई दिया।

## खबर एक नजर...

### अग्निवीर भर्ती रैली में चयन हेतु एक अप्रैल तक होंगे ऑनलाइन पंजीयन

'दैनिक अवन्तिका' ▸▸ बड़वानी

अग्निवीर भर्ती रैली वर्ष 2027 के अंतर्गत भारतीय सेना में योग्य युवाओं के चयन हेतु इंदौर एवं उज्जैन संभाग के 15 जिलों में भर्ती रैली आयोजित की जानी है। इस भर्ती प्रक्रिया का दायित्व सेना भर्ती कार्यालय महू को सौंपा गया है। वर्ष 2027 के लिए अग्निवीर भर्ती के लिए ऑनलाइन पंजीयन प्रक्रिया 1 अप्रैल 2026 तक आधिकारिक वेबसाइट के माध्यम से की जा सकती है। इस भर्ती के अंतर्गत अग्निवीर (पुरुष) जनरल ड्यूटी एसकेटी टेक्निकल, ट्रेड्समैन (8वीं एवं 10वीं), महिला सेना पुलिस तथा स्थाई पदों के लिए नर्सिंग असिस्टेंट, नर्सिंग असिस्टेंट वेट एवं सिपाही फार्मा के पदों पर आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। बताया गया कि इस बार सेना भर्ती में आयु सीमा में एक वर्ष की वृद्धि की गई है। अग्निवीर पदों के लिए एक जुलाई 2005 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे युवा आवेदन कर सकेंगे, जबकि स्थाई पदों के लिए एक जुलाई 2004 से एक जुलाई 2009 के बीच जन्मे अभ्यर्थी पंजीयन के पात्र होंगे। अभ्यर्थियों को सलाह दी गई है कि वे निर्धारित तिथि के भीतर ऑनलाइन आवेदन कर दें। भर्ती से संबंधित किसी भी प्रकार की जानकारी के लिए अभ्यर्थी सेना भर्ती कार्यालय महू के दूरभाष पर संपर्क कर सकते हैं।

### नीमच जिला चिकित्सालय को अस्थि रोग उपचार संबंधी उपकरण किए भेंट

**नीमच।** जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉक्टर महेंद्र पाटील ने बताया कि रविवार को सिजन्स इंटरनेशनल प्राईवेट लिमिटेड जिला भीलवाडा द्वारा जिला चिकित्सालय नीमच को अस्थि रोग उपचार संबंधी उपकरण प्रदान किए गए। इस अवसर पर कम्पनी के प्रबंधक निदेशक श्री महेन्द्र गर्ग, सीएफओ श्री प्रदीप सांखला मनीष गर्ग, प्रभुदयाल अग्रवाल, शेलेद गर्ग द्वारा मुख्य चिकित्सा एव स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेश प्रसाद, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक डॉ महेन्द्र पाटिल, अस्थि रोग विशेषज्ञ डॉ. पुनित आचार्य जिला चिकित्सालय को अस्थि रोग उपचार संबंधी सामग्री प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला चिकित्सालय के सहयोगी कर्मचारीयो ने उपस्थित होकर कार्यकम मे सहयोग प्रदान किया साथ ही मुख्य चिकित्सा एंव स्वास्थ्य अधिकारी तथा सिविल सर्जन महोदय द्वारा कम्पनी के प्रबंधक एंव अन्य सदस्यो को सहयोग हेतु प्रशस्ति पत्र प्रदान कर कम्पनी का आभार व्यक्त किया।

### 80 लीटर हाथ भट्टी शराब जब्त

**मंदसौर।** जिले के सुवासरा थाना क्षेत्र के ग्राम हरवानदी में पुलिस ने 80 ली. हाथ भट्टी की कच्ची शराब जब्त की। पुलिस ने इस प्रकरण में आरोपी सोदानसिंह पिता हरिसिंह सोंधिया राजपूत को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट में प्रकरण दर्ज किया।

# भाजपा किसी व्यक्ति और परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचार की पार्टी-मंत्री चैतन्य कश्यप

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

भारतीय जनता पार्टी आज दुनिया का सबसे बड़ा राजनैतिक दल है। इसके 18 करोड़ से ज्यादा सदस्य है। केन्द्र सहित 20 राज्यों में भाजपा और गठबंधन की सरकारें है और यह इसलिए संभव हुआ है कि भाजपा किसी व्यक्ति और परिवार की पार्टी नहीं है, अपितु विचार की पार्टी है। भाजपा अपने विचार को आगे बढ़ाते हुए सदैव कार्यकर्ताओं को तैयार करती है और यह प्रशिक्षण वर्ग इसी उद्देश्य को पूरा करने के लिए आयोजित किया गया है।

वक्ताओं के इन उद्गारों के साथ रतलाम में भारतीय जनता पार्टी के पं.दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 की शुरूआत हुई। रतलाम विधानसभा के पांचों मण्डलों में भाजपा ने शनिवार से दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्ग आयोजित किए है। इनमें कार्यकताओं को कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप, सांसद अनिता चौहान और भाजपा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय सहित प्रमुख वक्ताओं द्वारा मार्गदर्शन दिया गया।

रतलाम शहर के कुशाभाऊ ठाकरे मंडल का प्रशिक्षण वर्ग उजाला पैलेस, डॉ.श्यामाप्रसाद मुखर्जी मंडल और डॉ.भीमराव अंबेडकर मंडल का प्रशिक्षण वर्ग जोधाबाग, पं.दीनदयाल उपाध्याय मंडल का प्रशिक्षण वर्ग चंपा विहार एवं सूरजमल जैन मंडल का प्रशिक्षण वर्ग रंगोली परिसर में प्रारंभ हुआ। प्रशिक्षण वर्ग के प्रथम दिवस कैबिनेट मंत्री चेतन्य काश्यप ने मुखर्जी मंडल, दीनदयाल मंडल, अंबेडकर मंडल में प्रदेश सरकार की योजनाएं विषय पर, सांसद अनिता चौहान, जिला महामंत्री जयवंत कोठारी एवं पूर्व विधायक दिलीप मकवाना ने केन्द्र सरकार की योजनाएं, जिला महामंत्री महेश सोनी ने वैचारिक अधिष्ठान, आईटी सेल प्रदेश सहसंयोजक सोमेश पालीवाल ने सोश्यल मीडिया, नमो एप एवं सरल एप, हरीराम शाह ने बूथ प्रबंधन, मन की बात विषय पर तथा जिलाध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने पार्टी का इतिहास एवं विकास विषय पर संबोधित किया।

वक्ताओं ने कहा कि भाजपा ने योग्य कार्यकर्ता निर्माण के लिए प्रशिक्षण महाअभियान शुरू किया है। भारतीय जन संघ से प्रारंभ हुई भाजपा राष्ट्र को




प्रथम रखकर कार्य करने वाले समर्पित कार्यकताओं की पार्टी है। देश और प्रदेश में भाजपा की सरकारें पार्टी के पितृ पुरूषों के अन्त्योदय और एकात्म मानववाद के सूत्र पर कार्य कर रही है। "सबका साथ-सबका विकासइ्ङ का लक्ष्य ही भाजपा की कार्य पद्धति है। प्रशिक्षण वर्ग के सत्रों की सभी मण्डलों में भाजपा के वरिष्ठ कार्यकताओं द्वारा अध्यक्षता की गई।

जिला भाजपा मीडिया प्रभारी अरूण त्रिपाठी ने बताया कि प्रशिक्षण वर्ग का समापन 29 मार्च को होगा। दो दिनों में कुल 7 सत्र आयोजित होंगे, जिनमें प्रथम दिन 4 सत्र हुए।

### राष्ट्रवाद एकता अखंडता तथा सर्वधर्म समभाव का संदेश देता है -धाडीवाल

**बाग।** भारतीय जनता पार्टी के पंडित दीनदयाल उपाध्याय महा प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत गंधवानी विधानसभा के बाग मंडल में ३वैचारिक अधिष्ठान ३विषय पर वक्ता के रूप में भाजपा के पूर्व जिला अध्यक्ष प्रखर वक्ता रमेश धाडीवाल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक ऐसा राजनीतिक दल है जो सत्ता को साधन नहीं साध्य मानता है, सत्ता के माध्यम से समाज में समरसता ,सर्वधर्म समभाव ,सामाजिक एकता, सांस्कृतिक राष्ट्रवाद ,सामाजिक मूल्यों का रक्षण, देश का आर्थिक विकास ,वैश्विक स्तर पर देश की सशक्त पहचान ,सत्ता में आने के बाद मानव मात्र का विकास, समाज के हर वर्ग का कल्याण, एकात्मक मानववाद और अंत्योदय के आधार पर समाज में जातिवाद रहित समग्र विकास को गति देना रहा है ,आपने उपस्थित भाजपा कार्यकताओं से आह्वान किया की भाजपा के कार्यक्रमों सरकार की नीतियों को जनमानस तक पहुंचाने के लिए वह निरंतर सक्रिय रहे एवं भाजपा सरकारों की जन कल्याणकारी नीतियों योजनाओं को आम आदमी तक पहुंचाने के लिए निरंतर कार्य करते रहे।

# कार्यकर्ताओं के कौशल और वैचारिक विकास से संगठन होगा और भी सशक्त- सांसद गुप्ता

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मन्दसौर

भाजपा के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण और कार्यकर्ताओं के सर्वांगीण विकास हेतु मंदसौर जिले के विभिन्न मंडलों में आयोजित दो दिवसीय प्रशिक्षण वर्गों का सफलतापूर्वक समापन हुआ। मंदसौर, मल्हारगढ़ और सुवासरा विधानसभा क्षेत्रों के मंडलों में आयोजित इन सत्रों में कार्यकताओं को संगठन की रीति-नीति और भविष्य की कार्ययोजनाओं से अवगत कराया गया। समापन अवसर पर मुख्य वक्ता सांसद सुधीर गुप्ता ने कहा कि भाजपा की असली शक्ति उसके प्रशिक्षित और समर्पित कार्यकर्ता हैं, जिनके बल पर संगठन निरंतर गतिशील बना रहता है। वहीं राज्यसभा सांसद बंशीलाल गुर्जर ने कहा कि ऐसे वर्गों से कार्यकर्ताओं को न केवल नई सोच मिलती है बल्कि वे राष्ट्र सेवा के लिए नई प्रेरणा भी पाते हैं।

भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व के निर्देशानुसार आयोजित इन वर्गों में दो दिनों के भीतर कुल आठ महत्वपूर्ण सत्र संपन्न हुए। इन सत्रों में विधायक देवीलाल धाकड़, पूर्व



विधायक राधेश्याम पाटीदार और पूर्व जिलाध्यक्ष नानालाल अटोलिया सहित अनेक वरिष्ठ नेताओं ने मार्गदर्शन दिया।

### सिन्धु महल मेन गेट के झालर में आग लगाई

मंदसौर। स्थानीय श्री झूलेलाल सिन्धु महल मेन गेट के पास आरोपी ने जानबूझकर गेट पर लगी झालर में आग लगा दी तथा रिपोर्ट के बाहर लगे दो सीसीटीवी केमरों को तोड़कर नुकसान पहुंचाया। जानकारी के अनुसार यह घटना 28 मार्च की है।

### मल्हारगढ़, संजीत बूढ़ा ब्लॉक का संयुक्त धरना प्रदर्शन आज

**पिपलिया मंडी .** प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निर्देशानुसार, जिला कांग्रेस अध्यक्ष महेन्द्र सिंह गुर्जर के मार्गदर्शन में मल्हारगढ़, संजीत बूढ़ा ब्लॉक कांग्रेस कमेटी द्वारा तहसील स्तरीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम आज 30 मार्च सोमवार को समय प्रातः 11.30 बजे गॉडगिल चौराह मल्हारगढ़ पर रहेगा। उक्त आशय की जानकारी देते हुए ब्लाक कांग्रेस अध्यक्ष विजेश मालेचा ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की तानाशाही के कारण आम जनता परेशान है गैस सिलेंडर की मूल्य वृद्धि एवं अप्रयाप्त उपलब्धता, बिजली दरों में अप्रत्याशित वृद्धि एवं पेट्रोल डीजल की कमी व भाजपा सरकार की किसान विरोधी नीतियों के विरोध में विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित कर आम जनता की आवाज को बुलंद कर महामहिम राज्यपाल के नाम का ज्ञापन दिया जावेगा। अतः मल्हारगढ़ ,संजीत बूढ़ा ब्लॉक के समस्त पदाधिकारियों महानुभाओ से निवेदन है की समय पर पधारकर आमजन की आवाज को बुलंद करे। धरने में मल्हारगढ़ तहसील के ब्लॉक अध्यक्षों सहित सभी प्रकोष्ठ प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

# सिंगोली नगर में जैन मुनि श्री जी का मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले के सिंगोली मे जय गुरुदेव के जयघोष के साथ जब मुनिराज का मंगल प्रवेश रविवार को दिव्य ऊर्जा और भक्ति के साथ हुआ। सिंगोली नगर में जैन मुनि श्री जी का मंगल प्रवेश सिंगोली नगर के लिये एक अत्यंत मंगलकारी व गौरवशाली अवसर रहा । रविवार को प्रातः धर्म भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला, जब सकल दिगम्बर जैन समाज के तत्वाधान में परम पूज्नीय श्री 108 मुनि प्रणम्य सागर जी महाराज श्री का मंगल प्रवेश जो सिंगोली

नगर की पावन धरा उस समय श्रद्धा, भक्ति और उत्साह से सराबोर हो उठी, जब गुरुदेव के 10 वर्ष बाद मंगल प्रवेश



के अवसर पर चारों ओर जय-जय गुरुदेव के जयकारे की गूंज सुनाई दी। श्रद्धालुओं ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ गुरुदेव का भव्य स्वागत किया।

गुरुदेव के नगर आगमन पर जगह-जगह स्वागत द्वार सजाए गए हे तथा मार्ग को आकर्षक रंगोली, फूलों और पताकाओं से सजाया गया। श्रद्धालु महिलाएं मंगल कलश लेकर स्वागत में चल रही थी वहीं युवाओं ने शोभायात्रा को उत्साहपूर्वक आगे बढ़ाया, बैंड-बाजों और ढोल-नगाड़ों की धुन पर पूरा नगर भक्ति रस में डूबा नजर आया। मंगल प्रवेश यात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकली, जहां नागरिकों ने पाद प्रक्षालन कर आशीर्वाद लिया और गुरुदेव का अभिनंदन किया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह आध्यात्मिक ऊर्जा से भर गया और हर कोई गुरुदेव के दर्शन पाने को आतुर दिखाई दिया। पंच कल्याणक महोत्सव समिति ने बताया कि यह आयोजन नगर के लिए अत्यंत सौभाग्य का अवसर है और आगामी दिनों में पंच कल्याणक महोत्सव के तहत विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे

# सनावद पुलिस ने मादक पदार्थ के विरुद्ध की कार्यवाही अवैध गांजे का परिवहन करते एक आरोपी को किया गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ सनावद

अवैध मादक पदार्थ तस्करी की सूचना प्राप्त होने पर थाना सनावद पर अवैध मादक पदार्थ गांजे का परिवहन एवं तस्करी करने वाले 3 आरोपी के विरुद्ध कार्यवाही की गई है दिनांक 26 मार्च को थाना प्रभारी सनावद धर्मेन्द्र यादव के द्वारा हमराह पुलिस स्टाफ के साथ निर्माणधीन इन्दौर खण्डवा बायपास पर वाहन चेकिंग की जा रही थी।

तभी एक व्यक्ति एक काले रंग की हीरो स्ट्रीम मोटर साइकल से एक बैग लिए बासवां तरफ से चैकिंग स्थल पर आ रहा था जो पुलिस की चैकिंग को देखकर वापस जाने का प्रयास करने लगा पुलिस टीम को संदेह होने पर तत्काल उक्त मोटर साइकल चालक को घेराबंदी कर रोका गया रोके गए व्यक्ति से उसका नाम पता पूछने पर घबरा गया और उसने अपना नाम ग्राम लछोरा भीकनगाँव का रहने वाला



दुलेसिंग बताया । पुलिस टीम के द्वारा दुलेसिंग के पास मिले बैग को चेक करने पर उसमे अवैध मादक पदार्थ गांजा मिला । पुलिस टीम के द्वारा दुलेसिंग से गाँजा रखने के संबंध में वैध दस्तावेज व लाइसेंस के होने का पूछने पर उसने कोई दस्तावेज नहीं होना बताया पुलिस टीम के द्वारा मौके पर मिले दुलेसिंह पिता गंगाराम चौहान उम्र 31 वर्ष निवासी ग्राम लछोरा भीकनगाव के कब्जे से 5 किलो 75 ग्राम गाँजा किमती लगभग 2 लाख 50 हजार साथ ही अवैध गांजे के परिवहन में प्रयुक्त मोटर साइकल कीमती लगभग 1 लाख 50 हजार रुपये प्रकरण में कुल 3 आरोपी एवं 4 लाख रुपये का मशरुका है। नियमानुसार विधिवत जप्त कर थाना सनावद पर अपराध क्रमांक 133/2026 धारा 8/20 एन.डी.पी.एस. एक्ट का पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया प्राथमिकी पूछताछ में आरोपी दुलेसिंह ने पुलिस टीम को बताया कि वो उक्त गाँजा लेकर ओंकारेश्वर रोड पर इनपुन पुनर्वास के रहने वाले नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष को देने के लिए जा रहा था। आरोपी दुलेसिंह से प्राप्त जानकारी के आधार पर पुलिस टीम के द्वारा तत्काल नरेन्द्र उर्फ भय्यू एवं संतोष के घर पर दबिश दी गई एवं उन्हे भी अभिरक्षा में लिया जाकर प्रकरण में आरोपी बनाया गया है साथ ही प्रकरण में धारा 8/29 एन.डी.पी.एस. एक्ट की धारा का इजाफा भी किया गया है



## रामनवमी पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण

**मनावर।** रामनवमी के पावन पर्व पर नवनिर्मित सिंगाजी गौशाला का भव्य लोकार्पण प्रसिद्ध कथा वाचक पंडित प्रवीण शर्मा (राधै भैया ) वराहनगर तीर्थ क्षेत्र बड़ा बड़दा के कर कमलों से सरपंच भागीराम भाबर उपसरपंच दिनेश पटेल कैलाश भारती की उपस्थिति मे संपन्न हुआ। गौशाला का संचालन देवी सीता अजिविका समुह वायल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रवीण शर्मा (राधै भैया) ने गौशाला लोकार्पण मे फीता काटने के बजाय भारतीय सनातन संस्कृति के अनुरूप दिप जलाकर गौमाता की पुजा मिष्ठान, पुडी, हरि घास खिलाकर गौमाता प्रवेश कर शुभारम्भ किया गया। इस अवसर पर पंडित प्रवीण शर्मा राधे भैया द्वारा सिंगाजी गौशाला का गौमाता मंदिर नामकरण करते हुए बताया कि गौमाता का इतिहास भारत की सनातन संस्कृति में अत्यंत प्राचीन और पुजनीय है। वेदों में गाय को अघन्या और जीवनदायिनी माना गया है। पैराणिक कथाओं के अनुसार समुद्र मंथन से प्रगट कामधेनू से लेकर भगवान श्री कृष्ण को गोपालन तक गाय को माँ, पोषणकर्ता और तैतीस कोटी देवताओं के वास के रूप में पवित्र स्थान प्राप्त हुआ है। इस दौरान शुभारम्भ मे नगदी राशि की घोषणा एवं गौ ग्रास का दान भी किया गया।

# विधायक प्रतिनिधि व जनभागीदारी समिति अध्यक्ष भी नपा परिषद में बने एल्डरमेन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ जावरा

मध्य प्रदेश शासन के नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने आखिरकार प्रदेश की नगर पालिकाओं में रविवार को जारी आदेश में एल्डरमैन नियुक्त कर दिए ।जबकि प्रदेश शासन का साढे तीन वर्ष का कार्यकाल बीत चुका। अगले वर्ष यानी 2027 में नगर पालिका परिषद का कार्यकाल भी पूर्ण हो जाएगा। नगर पालिका परिषद में शासन के आदेश से पांच पुरुष एवं एक महिला को एल्डरमैन नियुक्त किया गया ।



शासन के जारी आदेश में नगर पालिका परिषद में जिनको एल्डर में नियुक्त किया है । उनमें अजय सिंह भाटी जो कि नगर पालिका परिषद में पूर्व से ही विधायक प्रतिनिधि पदस्थ हैं ।इसी तरह प्रमोद रावल का नाम भी है जो की भगत सिंह शासकीय महा विद्यालय में जन भागीदारी समिति के अध्यक्ष बने हुए हैं । पूर्व पार्षद नंदकिशोर महावर, पूर्व पार्षद अजय सकलेचा व मनोहर पांचाल एवं संतोष शर्मा को एल्डर में नियुक्त किया गया। परिषद में विधायक प्रतिनिधि अजय सिंह भाटी ही रहेंगे या एल्डरमैन बनने के बाद किसी अन्य को जवाबदारी सौंपी जा सकती है ।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के तहत 200 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ बुरहानपुर

नेपानगर विधानसभा क्षेत्र के तुकईथड़ में मुख्यमंत्री कन्या विवाह निकाह योजना के तहत विशाल सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया, जहां 200 जोड़े पवित्र दांपत्य बंधन में बंधे।



विधायक मंजू दादू ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सरकार की इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों का सम्मान बढ़ा है और समाज में समरसता आई है।

विधायक ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में भाजपा सरकार गरीब, जरूरत मंद और आमजन के हित में संवेदनशील और जन कल्याणकारी योजनाएं संचालित कर रही है। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना उसी का उत्कृष्ट उदाहरण है।

विधायक ने नवदंपतियों को सुखी, समृद्ध और सफल वैवाहिक जीवन की शुभकामनाएं देते हुए आपसी प्रेम, विश्वास और संस्कारों के साथ जीवनयापन करने का संदेश दिया।

## आलीराजपुर जिला माहेश्वरी महिला मण्डल के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न

आलीराजपुर। शनिवार को माहेश्वरी भवन में माहेश्वरी महिला जिला संगठन, जिला आलीराजपुर के चुनाव निर्विरोध सम्पन्न हुए। चुनाव विशेष अतिथि निर्मला माहेश्वरी, चुनाव अधिकारी शकुंतला कोठारी, पर्यवेक्षक अयोध्या चौधरी, जिलाध्यक्ष अनिता कोठारी व जिला सचिव ज्योति कोठारी की उपस्थिति में सम्पन्न हुए, जिसमें जिलाध्यक्ष ज्योति कोठारी, उपाध्यक्ष प्रीति मंत्री, सचिव जयश्री सोमानी, संयुक्त सचिव रमिला कोठारी, संगठन मंत्री उषा थेपड़िया व कोषाध्यक्ष आशा सोमानी का निर्विरोध चयन हुआ। मीडिया प्रभारी कृष्णकान्त बेड़िया ने बताया कि निर्विरोध चुनाव सम्पन्न होने पर जिला माहेश्वरी समाज, नगर माहेश्वरी समाज, माहेश्वरी महिला मण्डल, माहेश्वरी वधु मण्डल, चारभुजा मित्र मण्डल, माहेश्वरी मित्र मण्डल ने बधाई व शुभकामनाएँ दी।

## बुरहानपुर जिला अधिवक्ता संघ में तीन महिला सदस्य हुई नामांकित

**बुरहानपुर।** जिला अधिवक्ता संघ बुरहानपुर के निर्वाचित पदाधिकारियों और कार्यकारिणी सदस्यों की परिषद में 3 महिला अधिवक्ताओं को नामांकित किया गया है। संघ के अध्यक्ष सतनारायण वाघ ने उन्हें मनोनयन पत्र जारी किए। सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुसार, जिला अधिवक्ता संघ में 30 प्रतिशत महिला आरक्षण का पालन करना अनिवार्य है। इसी के तहत बुरहानपुर जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी में राखी जैन, सरोज गांधी और आरती दिनेश चौहान को नामांकित किया गया है। इन 3 महिला सदस्यों के साथ, जिला अधिवक्ता संघ की कार्यकारिणी अब 18 सदस्यों की हो गई है। संघ के सचिव एडवोकेट संतोष देवताले ने बताया कि यह नामांकन सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के अनुशरण में किया गया है।

# नगर में महावीर जयंती पर्व पर जन्म कल्याणक पर भगवान महावीर की निकलेगी विशाल रथ यात्रा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

जैन धर्म के प्रथम तीर्थंकर भगवान महावीर जन्मकल्याणक महोत्सव के तहत शहर में प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी सकल जैन समाज द्वारा ३० मार्च सोमवार को भगवान महावीर की विशाल रथ शोभायात्रा निकलेगी, जिसकी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। समाज के सचिव सुनील जैन ने बताया कि जुलूस निर्धारित क्रम और अनुशासन के साथ निकलेगा, जिसमें विभिन्न जैन सामाजिक व धार्मिक समूहों की सहभागिता रहेगी।

जुलूस में सबसे आगे ध्वज व घोड़े रहेंगे, जिनके पीछे त्रिशला व नवकार पाठशाला के बच्चे, विभिन्न बाल व युवा समूह, बैंड दल, जैन समाज के सदस्य और विभिन्न पंचकल्याणक महोत्सव के इंद्र परिवार शामिल होंगे। इसके बाद भगवान महावीर स्वामी का रथ चलेगा, जिसके पीछे ट्रस्टीगण, सामाजिक संगठन और महिला मंडल शामिल होंगे।

समाज के प्रचार मंत्री सुनील जैन प्रेमांशु चौधरी जैन ने बताया कि जुलूस के दौरान तय स्थानों पर रुककर भजनो के माध्यम गरबा प्रस्तुतियां होंगी। रथ खींचने की जिम्मेदारी मार्ग के अनुसार अलग-अलग मंडलों को सौंपी गई है। पूरे आयोजन में अनुशासन, स्वच्छता और यातायात व्यवस्था का विशेष ध्यान रखने के निर्देश दिए गए हैं। सभी प्रतिभागियों के लिए ड्रेस कोड भी तय किया गया है, जिसमें पुरुषों के लिए सफेद व महिलाओं के लिए पीले या केसरिया वस्त्र निर्धारित है। सभी से बैनर के साथ शामिल होने और व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है। सुनीलजैन ने ने बताया कि महावीर जयंती पर्व पर प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी रथयात्रा व सामूहिक वात्सल्य भोज समाज जनों के सहयोग से जैन सोशल ग्रुप के द्वारा संचालित होगा।

30 मार्च भगवान महावीर जन्मकल्याणक के अवसर पर जैन सोशल ग्रुप खंडवा द्वारा सोमवार को विभिन्न धार्मिक व सामाजिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे ।सोमवार को प्रातः 8 बजे श्री जी की भव्य रथयात्रा श्री पार्श्वनाथ पोरवाड़ दिगंबर जैन मंदिर, सराफा बाजार से प्रारंभ होगी, जो विभिन्न मार्गों से होते हुए शहर में भ्रमण करेगी। रथयात्रा के दौरान घासपुरा स्थित नमिनाथ श्वेतांबर जैन मंदिर पर ठंडाई वितरण भी किया जाएगा। इसके अलावा सुबह 11 बजे से अग्रवाल धर्मशाला में सामूहिक वात्सल्य भोज का आयोजन रखा गया है।

## नगर में दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन प्रारंभ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद, मध्यप्रदेश शासन, संस्कृति विभाग भोपाल के तत्वावधान में सिन्धी साहित्य अकादमी व्दारा प्रथम बार आयोजित दो दिवसीय अंतर प्रांतीय सिंधी साहित्य सम्मेलन एवं संत हिरदाराम साहित्य गौरव सम्मान समारोह शनिवार को प्रारंभ हुआ। खंडवा नगर के वरिष्ठ सिंधी, हिंदी साहित्यकार, लेखक निर्मल मंगवानी शामिल हुए। यह जानकारी देते हुए राष्ट्रीय सिंधी समाज प्रदेश प्रवक्ता निर्मल मंगवानी ने बताया कि उदघाटन सत्र सिन्धी साहित्य लोक से विश्व तक विषय में मुख्य अतिथि के रूप में संत हिरदाराम साहिब कुटिया प्रमुख परम श्रद्धेय सिध्द भाऊ, विशेष अतिथि के रूप में भोपाल दक्षिण पश्चिम विधायक भगवानदास सबनानी, मोहन गेहानी, डॉ. रवि प्रकाश टेकचंदानी, सिन्धी साहित्य अकादमी निदेशक राजेश वाधवानी मंचासीन रहे। डॉ. टेकचंदानी ने सिंधी भाषा एवं समाज के अनेक आयामों का विस्तृत उल्लेख कर सिंधी समाज को एक जूट होने की बात कही। श्री सबनानी ने अपने उदबोधन में कहा कि 14 अगस्त की विभीषिका को हमेशा कार्यक्रम आयोजित कर नयी पीढी. को बताना चाहिए। हमें पूर्व स्मृति को नहीं भूलना चाहिए। हमें अपने संस्कारों, संस्कृति, भाषा को आने वाली पीढ़ी को बताया होगा।

## 30 मार्च को बड़वानी जिले में महावीर जयंती का अवकाश

बड़वानी। मध्यप्रदेश शासन के निर्देशानुसार जिला कलेक्टर बड़वानी द्वारा महावीर जयंती के उपलक्ष्य में घोषित अवकाश की तिथि में परिवर्तन किया गया है। पूर्व में यह अवकाश 31 मार्च 2026 (मंगलवार) को निर्धारित था, जिसे अब संशोधित कर 30 मार्च को संपूर्ण बड़वानी जिले के लिए सार्वजनिक एवं सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। अपर कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के अनुसार, स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार यह निर्णय लिया गया है। जिले के समस्त शासकीय कार्यालय एवं संस्थान अब सोमवार, 30 मार्च को बंद रहेंगे। जिले में महावीर जयंती का सार्वजनिक अवकाश 30 मार्च को रहेगा।

## बाजना बस स्टैंड चौराहे पर आज कांग्रेस का विशाल धरना प्रदर्शन

रतलाम। मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष जीतू पटवारी के निदेर्शानुसार शहर कांग्रेस कमेटी रतलाम द्वारा 30 मार्च सोमवार को बाजना बस स्टैंड चौराहे पर विशाल धरना प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा। बढ़ती गैस एवं बिजली दरों, पेट्रोल-डीजल की कमी तथा विभिन्न स्थानीय समस्याओं के विरोध में यह प्रदर्शन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन प्रातः 11 बजे से किया जाएगा।धरना प्रदर्शन के पश्चात कांग्रेस कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर आम जनता से जुड़े मुद्दों के समाधान की मांग करेंगे।

# दीया मिर्जा बोलीं-फिल्म फ्लॉप हुई तो लोग पनौती कहने लगे

**ऐश्वर्या राय से होती थी तुलना; फिर राजकुमार हिरानी से कॉल पर मांगना पड़ा काम**



**बॉलीवुड एक्ट्रेस दीया मिर्जा की फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' आज भले ही कल्ट क्लासिक मानी जाती हो, लेकिन रिलीज के वक्त इस फिल्म के फ्लॉप होने का खामियाजा एक्ट्रेस को भुगतना पड़ा था।**



दीया ने एक लेटेस्ट इंटरव्यू में खुलासा किया कि कैसे एक दौर में उन्हें इंडस्ट्री में 'पनौती' और 'बदकिस्मत' मान लिया गया था और उन्हें काम मिलना बंद हो गया था।

फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' दिया ने रीना का किरदार निभाया था।

फिल्म 'रहना है तेरे दिल में' दिया ने रीना का किरदार निभाया था।

ऐश्वर्या से होती थी तुलना, फिर 'पनौती' का टैग

इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में दीया ने बताया कि करियर की शुरूआत में उनकी तुलना ऐश्वर्या राय से की जाती थी। एक्ट्रेस ने कहा, ₹मुझे याद है कि मेरी एक बड़ी फिल्म फ्लॉप हुई और अचानक सब बदल गया। जो लोग मुझे काम देने के लिए लाइन लगाए रहते थे, वही मुझे 'पनौती' समझने लगे।

मैंने उस दौर में बहुत कुछ झेला है, जहां मुझे सिर्फ इसलिए काम नहीं दिया जा रहा था क्योंकि लोग मुझे अनलकी मानने लगे थे।₹

## राजकुमार हिरानी से कहा- 'प्लीज मुझे काम दीजिए'

दीया के मुताबिक, उनके करियर में टर्निंग पॉइंट फिल्म 'संजू' से आया। उन्होंने बताया, ₹जब राजकुमार हिरानी 'संजू' की कास्टिंग कर रहे थे, तो मैंने खुद उन्हें कॉल किया। मैंने उनसे कहा- प्लीज मुझे काम दीजिए, मेरे पास कोई काम नहीं है और मैं नए प्रोजेक्ट्स तलाश रही हूं।

मैं वादा करती हूं कि मैं स्क्रीन टेस्ट दूंगी, आप बस मुझे मौका दें।₹ हिरानी ने रणबीर कपूर और टीम से बात की और दीया को मान्यता दत्त का रोल मिला, जो उनके लिए 'लाइफ सेवर' साबित हुआ।

## फ्लॉप होकर भी 'कल्ट' बनी पहली फिल्म

बता दें कि साल 2001 में आई 'रहना है तेरे दिल में' का बजट करीब 5-6 करोड़ रुपए था। फिल्म ने भारत में केवल 5.36 करोड़ का नेट कलेक्शन किया था और बॉक्स ऑफिस पर फ्लॉप घोषित हुई थी।

हालांकि, बाद में टीवी और डीवीडी के जरिए इस फिल्म को इतनी लोकप्रियता मिली कि आज इसे रोमांस जॉनर की बेहतरीन फिल्मों में गिना जाता है।



# मुंबई ने कोलकाता को 6 विकेट से हराया

## 14 साल बाद आईपीएल में पहला मैच जीता; रोहित-रिकेल्टन ने फिफ्टी लगाई



**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**

मुंबई इंडियंस ने अपना सबसे बड़ा रन चेज किया और IPL में 14 साल बाद पहला मैच जीत लिया। वानखेड़े स्टेडियम में रविवार को टीम ने कोलकाता नाइट राइडर्स को 6 विकेट से हराया। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी ङङफने 4 विकेट खोकर 220 रन बनाए। टकने 19.1 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर ही टारगेट हासिल कर लिया। रोहित शर्मा ने 78 और रायन रिकेल्टन ने 81 रन बनाए। शार्दूल ठाकुर ने 3 विकेट लिए। कोलकाता के लिए अजिंक्य रहाणे ने 67 और अंगकृष रघुवंशी ने 51 रन बनाए। वैभव अरोड़ा, सुनील नरेन और कार्तिक त्यागी ने 1-1 विकेट लिया। मुंबई ने 2012 में आखिरी बार टूनार्मेंट में अपना पहला मैच जीता था। तब टीम ने चेन्नई सुपर किंग्स को हराया था। मुंबई का बेस्ट रन चेज भी उरङ के खिलाफ ही 2021 में आया था, तब टीम ने 219 रन चेज किए थे। अब टकने दोनों ही रिकॉर्ड को सुधार लिया।

19वें ओवर में मुंबई ने चौथा विकेट गंवा दिया। ओवर की चौथी गेंद पर तिलक वर्मा लॉन्ग ऑन पोजिशन पर कैच आउट हो गए। उन्हें सुनील नरेन ने मनीष पांडे के हाथों कैच कराया। तिलक ने 14 गेंद पर 20 रन बनाए। 20वें ओवर की पहली गेंद पर नमन धीर ने अनुकुल रॉय के खिलाफ चौका लगाया। इसी के साथ टीम ने 6 विकेट के अंतर से मैच जीत लिया। नमन 5 रन बनाकर कप्तान हार्दिक पंड्या के साथ नॉटआउट लौटे। हार्दिक ने 18 रन बनाए।

## गावस्कर बोले- आईपीएल से हटने पर कड़ी सजा जरूरी

**ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई**





पूर्व भारतीय कप्तान सुनील गावस्कर ने आईपीएल से हटने वाले प्लेयर्स पर कड़ी सजा लगाने की मांग की है। उन्होंने कहा, अभी आईपीएल में 2 साल का बैन लगता है। लेकिन यह ज्यादा प्रभावी नहीं है।

यह बयान इंग्लैंड के बल्लेबाज बेन डकेट के हटने के बाद आया है। डकेट को दिल्ली कैपिटल्स ने 2 करोड़ रुपए में खरीदा था। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय करियर पर ध्यान देने की बात कहकर टूनार्मेंट से दूरी बना ली।

गावस्कर ने कहा कि डकेट का फैसला समझा जा सकता है। वे इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट पर फोकस करना चाहते हैं। आईपीएल में बार-बार इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे लीग की योजना प्रभावित होती है। गावस्कर ने उदाहरण देते हुए बताया कि स्लो ओवर रेट पर मिलने वाली सजा मैच के दौरान असर डालती है, इसलिए खिलाड़ी तुरंत सुधार करते हैं। इसी तरह आईपीएल में भी ऐसी पेनल्टी होनी चाहिए जो सीधे खिलाड़ी को प्रभावित करे।

हालांकि, किस तरह की सजा लागू होनी चाहिए, इस पर गावस्कर ने कोई ठोस सुझाव नहीं दिया। उन्होंने कहा कि इस पर फैसला भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड को करना होगा। इससे पहले गावस्कर ने जोश हेजलवुड, मिचेल स्टार्क और पैट कमिंस के शुरूआती मैच मिस करने पर भी सवाल उठाए थे। हालांकि कमिंस और हेजलवुड टीम से जुड़ चुके हैं, जबकि स्टार्क चोट के कारण बाद में जुड़ेंगे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छूट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोनि सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154












युद्ध के बीच ईरान में

## 30 दिन से इंटरनेट ब्लैकआउट



ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

मध्य पूर्व में जारी तनाव के बीच इरान में इंटरनेट ब्लैकआउट का संकट गहराता जा रहा है। नेट ब्लाक्स के अनुसार, देश में इंटरनेट बंदी का आज 30वां दिन है, जिसके चलते लाखों नहीं बल्कि करोड़ों लोग वैश्विक डिजिटल दुनिया से पूरी तरह कट चुके हैं। यह स्थिति उस समय पैदा हुई है जब यूएस और इरान के साथ जारी युद्ध जैसे हालातों ने पहले ही आम जीवन को प्रभावित कर रखा है।

रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 696 घंटे से अधिक समय से जारी इस ब्लैकआउट ने संचार, व्यापार और सूचना के आदान-प्रदान को गंभीर रूप से बाधित कर दिया है। हालांकि देश का घरेलू इंट्रानेट सिस्टम अभी भी काम कर रहा है, जिसके जरिए स्थानीय मैसेजिंग ऐप, बैंकिंग सेवाएं और कुछ सरकारी प्लेटफॉर्म संचालित हो रहे हैं, लेकिन अंतरराष्ट्रीय इंटरनेट तक पहुंच लगभग पूरी तरह बंद कर दी गई है।

इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर आम नागरिकों पर पड़ा है, जो अपने परिवार और दोस्तों से संपर्क बनाए रखने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। कई लोगों को मजबूरी में महंगे अंतरराष्ट्रीय फोन कॉल्स का सहारा लेना पड़ रहा है। तेहरान की रहने वाली मरयम बताती हैं कि युद्ध की शुरूआत में हालात बेहद मुश्किल थे, क्योंकि उन्हें दूसरे शहर में रहने वाले परिवार से संपर्क करने का कोई साधन नहीं था। बाद में उन्होंने एक स्थानीय ईरानी ऐप का इस्तेमाल शुरू किया, लेकिन वह भी सीमित सुविधाएं ही देता है। इसी तरह मिलाद नामक एक युवक, जिसके परिवार के सदस्य रहते हैं, का कहना है कि ऑनलाइन संपर्क लगभग असंभव हो गया है। उन्हें कभी-कभार ही महंगे कॉल के जरिए अपने परिजनों से बात करने का मौका मिल पाता है।

होर्मुज संकट के बीच भारत को बड़ी राहत:

# दो और एलपीजी टैंकर खाड़ी से रवाना

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

होर्मुज संकट के बीच भारत के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित पार होकर देश की ओर बढ़ रहे हैं। इससे गैस सप्लाई में राहत की उम्मीद है। सरकार ने कहा कि पेट्रोल, डीजल और गैस का पर्याप्त स्टॉक है। एक्साइज ड्यूटी घटाई गई है और गैस सप्लाई में घरों को प्राथमिकता दी गई है। लोगों से अपील की गई है कि अफवाहों पर ध्यान न दें।

होर्मुज जलडमरूमध्य में युद्ध जैसे हालात के बीच भारत के लिए राहत की खबर आई है। देश के दो और एलपीजी टैंकर सुरक्षित रास्ता पार कर भारत की ओर बढ़ रहे हैं। ये टैंकर देश की एक दिन की रसोई गैस की जरूरत पूरी करने जितनी गैस लेकर आ रहे हैं। इसी बीच सरकार ने भी साफ कहा है कि देश में गैस और ईंधन की कमी नहीं है और लोगों को घबराकर खरीदारी नहीं करनी चाहिए।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, बीडब्ल्यू टीवाईआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के दो एलपीजी जहाज करीब 94 हजार टन गैस लेकर होर्मुज पार कर चुके हैं। बीडब्ल्यू टीवाईआर 31 मार्च तक मुंबई पहुंचेगा, जबकि बीडब्ल्यू ईएलएम अप्रैल तक न्यू मैंगलोर पहुंचेगा। इस्राइल और अमेरिका के हमलों और ईरान की जवाबी कार्रवाई के कारण इस रास्ते पर जहाजों की आवाजाही लगभग रुक गई थी। हालांकि अब कुछ जहाज सुरक्षित निकलने लगे हैं।

**सरकार ने ईंधन और गैस को लेकर क्या बड़े कदम उठाए-** सरकार ने पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10 रुपये प्रति लीटर घटा दी है। वहीं डीजल और एटीएफ पर निर्यात शुल्क बढ़ाया गया है। गैस सेक्टर में घरों और ट्रांसपोर्ट को 100 प्रतिशत सप्लाई दी जा रही है। उद्योगों को सीमित गैस दी जा रही है। साथ ही पीएनजी कनेक्शन तेजी से बढ़ाए जा रहे हैं, ताकि एलपीजी पर दबाव कम हो।

**क्या देश में अभी गैस और पेट्रोल की कमी है-** सरकार ने साफ कहा है कि देश में पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। रोजाना 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर की डिलीवरी हो रही है। हालांकि अफवाहों के कारण कुछ जगहों पर भीड़ देखी गई। सरकार ने लोगों से अपील की है कि वे घबराकर खरीदारी न करें और अफवाहों पर भरोसा न करें।

**क्या अभी भी खतरा पूरी तरह टला नहीं है-** सरकार के अनुसार, अभी भी 18 भारतीय जहाज और 485 नाविक पश्चिमी फारस की खाड़ी में मौजूद हैं। कुछ जहाज अभी भी होर्मुज के पास हैं और हालात सामान्य होने का इंतजार कर रहे हैं। डीजी शिपिंग लगातार 24 घंटे काम कर रहा है और अब तक 900 से ज्यादा नाविकों को सुरक्षित वापस लाया जा चुका है। देश के सभी बंदरगाहों पर काम सामान्य बना हुआ है।



### क्या पहले भी सुरक्षित पहुंचे हैं गैस टैंकर

इससे पहले चार भारतीय टैंकर भी सुरक्षित भारत पहुंच चुके हैं। पाइन गैस और जग वसंत करीब 92,612 टन गैस लेकर 26 से 28 मार्च के बीच भारत पहुंचे। वहीं, एमटी शिवालिक और एमटी नंदा देवी भी इससे पहले गुजरात के मुंद्रा और कांडला बंदरगाह पहुंच चुके हैं। इससे देश में गैस सप्लाई को बड़ी राहत मिली है।

### भारत की गैस जरूरत कितनी और क्यों है यह रास्ता अहम

भारत अपनी करीब 60 प्रतिशत रसोई गैस जरूरत आयात से पूरी करता है। देश में पिछले साल 33.15 मिलियन टन एलपीजी की खपत हुई। इसमें से करीब 90 प्रतिशत गैस पश्चिम एशिया से आती है। ऐसे में होर्मुज रास्ता बंद होने का सीधा असर भारत की सप्लाई पर पड़ता है। अब भारत अमेरिका और अर्जेंटीना जैसे देशों से भी गैस मंगा रहा है।

### '55 लाख से ज्यादा सिलिंडर हुए वितरित'

- एलपीजी की जमाखोरी और कालाबाजारी की जांच के लिए कई राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में छापेमारी जारी है। शनिवार को लगभग 2,900 छापेमारी की गई और लगभग 1,000 सिलेंडर जब्त किए गए। वहीं, कुछ राज्यों में पेट्रोल पंप पर घबराहट में खरीदारी के कारण असामान्य रूप से उच्च बिक्री और भारी भीड़ देखी गई। इस पर सरकार ने कहा कि देश के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है।
- पेट्रोलियम मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया है कि देश में घरेलू एलपीजी सिलिंडरों की आपूर्ति सामान्य है। शनिवार को 55 लाख से अधिक एलपीजी सिलिंडर वितरित किए गए। इसके साथ ही 64,000 पांच किलोग्राम के फ्री-ट्रेड सिलिंडरों की बिक्री भी हुई। मंत्रालय के अनुसार, किसी भी एलपीजी वितरक पर स्टॉक खत्म होने (ड्राई-आउट) की कोई रिपोर्ट नहीं है।

पश्चिम एशिया संकट

## अमेरिकी आर्थिक आंकड़ों पर निर्भर करेगी कीमती धातुओं की चाल



### अधिक उतार-चढ़ाव की उम्मीद नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

अगले सप्ताह सोना और चांदी में सीमित दायरे में कारोबार की संभावना है। निवेशक पश्चिम एशिया के तनाव और प्रमुख वैश्विक आर्थिक संकेतों पर नजर बनाए रखेंगे। यूएस फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के बयान ब्याज दर और मौद्रिक नीति का संकेत देंगे, जो सोने-चांदी की मांग को प्रभावित कर सकते हैं।

अगले सप्ताह सोना और चांदी में सीमित दायरे में कारोबार देखने को मिल सकता है। निवेशकों की नजर पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक हालात और प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों पर बनी रहेगी। बाजार विशेषज्ञों का मानना है कि इन कारकों से ही कीमती धातुओं की दिशा तय होगी। विश्लेषकों के अनुसार, इस हफ्ते यूएस फेड प्रमुख जेरोम पॉवेल के संबोधन और अन्य फेड अधिकारियों के बयान खास अहमियत रखेंगे। इससे ब्याज दरों और मौद्रिक नीति को लेकर संकेत मिलेंगे, जो सोने-चांदी की मांग को प्रभावित कर सकते हैं।

विश्लेषकों का कहना है कि सोने में हालिया गिरावट की वजह गोल्ड ईटीएफ निवेशकों की बिकवाली, कमजोर भौतिक मांग, मजबूत डॉलर और अमेरिकी बॉन्ड यील्ड में बढ़ोतरी रही। अंतरराष्ट्रीय बाजार में सोना करीब 2 फीसदी गिरकर 4,492.5 डॉलर प्रति औंस पर बंद हुआ, जबकि चांदी हल्की बढ़त के साथ 69.79 डॉलर प्रति औंस पर रही। अमेरिकी बाजार में कमजोरी से सुरक्षित निवेश की मांग बढ़ी। इससे चांदी को सहारा मिला, लेकिन बढ़ती बॉन्ड यील्ड और ऊंचे तेल दामों के कारण पारंपरिक मांग थोड़ी सीमित रही।

एमएसएमई समेत कई क्षेत्रों को राहत देने पर फोकस

# पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत सरकार की तैयारी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम एशिया में संघर्ष लंबा खिंचने की आशंका के बीच भारत सरकार अर्थव्यवस्था के कमजोर क्षेत्रों को राहत देने पर विचार कर रही है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन के अनुसार, टरटए सेक्टर को सहारा देना और महंगाई पर नियंत्रण प्राथमिकता है। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाया गया और डीजल शुल्क मुक्त किया गया।

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के लंबा चलने की आशंका के बीच केंद्र सरकार देश की अर्थव्यवस्था के कमजोर क्षेत्रों को राहत देने के लिए अतिरिक्त पैकेज पर विचार कर रही है। सरकार की प्राथमिकता एमएसएमई सेक्टर को सहारा देना और महंगाई को नियंत्रण में रखना है। मुख्य आर्थिक सलाहकार वी अनंत नागेश्वरन ने संकेत दिया है कि मौजूदा हालात में सरकार को एक तरफ प्रभावित सेक्टर और कमजोर वर्गों को तत्काल राहत देनी होगी, वहीं दूसरी तरफ दीर्घकालिक जरूरतों के लिए वित्तीय संसाधनों का प्रबंधन भी करना होगा।

सरकार पहले ही ईंधन की बढ़ती कीमतों के असर को कम करने के लिए पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर 3 रुपये प्रति लीटर कर चुकी है, जबकि डीजल को पूरी तरह शुल्क मुक्त कर दिया गया है। दरअसल, अमेरिका और इस्राइल द्वारा ईरान पर हमलों के बाद कच्चे तेल की कीमतों में करीब 50 प्रतिशत तक उछाल आया, जो करीब 100 डॉलर के आसपास बनी हुई है। ऐसे में भारत पर सीधा असर पड़ना तय है, क्योंकि देश अपनी जरूरतों का लगभग 88 प्रतिशत तेल आयात करता है।

**लागत के दबाव से निर्यात प्रभावित-** निर्यात क्षेत्र को राहत देने के लिए सरकार ने 497 करोड़ की रिलीफ योजना शुरू की है। इसका मकसद माल ढुलाई की बढ़ती कीमतों, बीमा प्रीमियम और युद्ध से जुड़े जोखिमों से जूझ रहे निर्यातकों को सहारा देना है। निर्यात उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना को भी बहाल कर दिया है, ताकि निर्यातकों को लागत के दबाव से कुछ राहत मिल सके। पश्चिम एशिया तनाव का असर शिपिंग रूट्स पर भी साफ दिख रहा है। होर्मुज के आसपास सुरक्षा जोखिम बढ़ने से जहाजों को लंबा रास्ता अपनाना पड़ रहा है, जिससे माल ढुलाई की लागत बढ़ रही है और आपूर्ति श्रृंखला में अनिश्चितता पैदा हो रही है।



### उर्वरक का पर्याप्त स्टॉक, खरीफ सीजन में नहीं होगी कमी

पश्चिम एशिया में जारी तनाव के बावजूद देश में उर्वरकों की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी सहकारी उर्वरक संस्था इफको का दावा है कि किसानों को आने वाले खरीफ सीजन में किसी भी तरह की कमी का सामना नहीं करना पड़ेगा। इस संकट से उर्वरक उत्पादन में 6 से 9 लाख टन तक की कमी आ सकती है।

सरकार आपातकालीन उपायों की योजना बना रही है, जिसमें मोरक्को जैसे देशों और अन्य वैश्विक आपूर्तिकताओं से आयात के जरिये किसी भी संभावित कमी को पूरा करना शामिल है। इफको के आंवला (बरेली) संयंत्र के सीनियर जनरल मैनेजर सत्यजीत प्रधान ने बताया कि गैस आपूर्ति में कोई बाधा नहीं आई, जिससे उर्वरक उत्पादन और वितरण दोनों सुचारू रूप से चल रहे हैं। उन्होंने कहा, मौजूदा हालात के बावजूद कंपनी की उत्पादन और मार्केटिंग गतिविधियां सामान्य बनी हुई हैं।

20 अप्रैल से यात्रियों को बड़ी राहत

# फ्लाइट में 60 फीसदी सीटें बिना अतिरिक्त शुल्क मिलेंगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हवाई यात्रा करने वाले यात्रियों के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। 20 अप्रैल 2026 से देश में संचालित एयरलाइंस अपनी उड़ानों में 60 प्रतिशत सीटें बिना किसी अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराएंगी। अभी तक यह सुविधा केवल 20 प्रतिशत सीटों तक सीमित थी, जबकि बाकी सीटों के लिए यात्रियों को अतिरिक्त भुगतान करना पड़ता था।

एयरलाइंस के इस फैसले से यात्रियों को सीट चयन को लेकर होने वाले अतिरिक्त खर्च से काफी राहत मिलने की उम्मीद है। वर्तमान व्यवस्था में अधिकांश सीटों के लिए अलग से शुल्क लिया जाता है, जिससे टिकट की कुल लागत बढ़ जाती है। नए नियम के लागू होने के बाद यात्रियों को अधिक विकल्प मिलेंगे और वे बिना अतिरिक्त शुल्क के अपनी पसंद की सीट चुन सकेंगे।

सूत्रों के अनुसार, यह निर्णय यात्रियों के हितों को ध्यान में रखते हुए लिया गया है। हाल के वर्षों में लगातार बढ़ती हवाई यात्रा और बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच यात्रियों की सुविधा को प्राथमिकता देने की जरूरत महसूस की जा रही थी। इस कदम से न केवल यात्रियों को आर्थिक राहत मिलेगी बल्कि एयरलाइंस के प्रति उनका विश्वास भी मजबूत होगा। विशेषज्ञों का मानना है कि इस फैसले से हवाई यात्रा और अधिक सुलभ और आकर्षक बनेगी। खासकर मध्यम वर्ग के यात्रियों के लिए यह बड़ा फायदा साबित हो सकता है, जो अक्सर अतिरिक्त शुल्क के कारण अपनी पसंद की सीट नहीं चुन पाते थे। अब वे बिना अतिरिक्त खर्च के बेहतर सीट का चयन कर सकेंगे। हालांकि, एयरलाइंस कंपनियां कुछ प्रीमियम सीटों जैसे एक्स्ट्रा लेगरूम या फ्रंट रो सीटों के लिए शुल्क जारी रख सकती हैं। लेकिन सामान्य सीटों की बड़ी संख्या अब फ्री कैटेगरी में आने से यात्रियों को सीधा लाभ मिलेगा। इस बदलाव के बाद हवाई यात्रा की कुल लागत में कमी आने की संभावना है, जिससे यात्रा करने वाले लोगों की संख्या में भी इजाफा हो सकता है। ट्रैवल इंडस्ट्री से जुड़े जानकारों का कहना है कि यह कदम प्रतिस्पर्धा को बढ़ाएगा और एयरलाइंस को बेहतर सेवाएं देने के लिए प्रेरित करेगा।

### इजराइली हमलों से ईरान के कई इलाकों में बिजली गुल, पावरग्रिड को नुकसान

# राजधानी में लोग सड़कों पर उतरे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव

अमेरिका-इजराइल के हमलों के बाद ईरान की राजधानी तेहरान में बिजली गुल हो गई है। ईरान के ऊर्जा मंत्रालय के मुताबिक, हमलों के मलबे से अलबोर्ज प्रांत में पावरग्रिड को नुकसान पहुंचा है। इससे तेहरान और करज के कई इलाकों में ब्लैकआउट हो गया।

बिजली कटौती के बाद बड़ी संख्या में लोग सड़कों पर उतर आए और ह्यअल्ला हू अकबरह्ल के नारे लगाने लगे। लोग घरों और छतों से भी नारेबाजी करते नजर आए। हालांकि, उप ऊर्जा मंत्री ने कहा है कि बिजली सप्लाई जल्द बहाल कर दी जाएगी और स्थिति नियंत्रण में है।


दूसरी तरफ ईरान की रेवोल्यूशनरी गार्ड ने कहा है कि देश के इंफ्रास्ट्रक्चर पर हुए हमलों के जवाब में अमेरिका और इजराइल से जुड़े ठिकानों पर कार्रवाई जारी है।

आईआरजीसी के एयरोस्पेस कमांडर सैयद माजिद मौसवी के मुताबिक, अब तक नियोत होवाव के केमिकल इंडस्ट्रीज, एक रिफाइनरी, दो स्टील कॉम्प्लेक्स और दो एल्युमिनियम मेगा कॉम्प्लेक्स को निशाना बनाया गया है।

भारत आ रहे 2 एलपीजी टैंकरों ने होर्मुज पार किया

भारत आ रहे दो एलपीजी टैंकरों ने रविवार को होर्मुज स्ट्रेट पार कर लिया। इन जहाजों पर 94 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लदी हुई है। बीडब्ल्यू टीवायआर और बीडब्ल्यू ईएलएम नाम के इन जहाजों को भारतीय नौसेना सुरक्षा दे रही है।

सरकार के मुताबिक, ये दोनों टैंकर इसी हफ्ते मुंबई पहुंच सकते हैं। इससे पहले 4 भारतीय झंडे वाले एलपीजी टैंकर भी इस अहम समुद्री रास्ते को पार कर चुके हैं, जबकि 3 अन्य अभी पश्चिमी हिस्से में हैं।



### ईरानी हमले में अमेरिका का 700 मिलियन डॉलर का बोइंग विमान तबाह

- ईरान ने दावा किया है कि उसने सऊदी अरब में मौजूद अमेरिकी एयरबेस पर मिसाइल और ड्रोन से हमला किया है। ईरान के प्रेस टीवी के अनुसार यह हमला प्रिंस सुल्तान एयर बेस पर किया गया, जहां अमेरिकी सैनिक तैनात हैं।
- रिपोर्ट के मुताबिक इस हमले में अमेरिका के अहम सैन्य उपकरणों को नुकसान पहुंचा है। इसमें बोइंग ए-3 संेट्री विमान भी शामिल है, जो हवाई निगरानी और युद्ध के दौरान समन्वय के लिए इस्तेमाल होता है।
- बताया गया है कि इस विमान को भारी नुकसान हुआ और उसका कुछ हिस्सा ही बचा है। इस तरह के विमान अमेरिका के पास सीमित संख्या में हैं और इसकी कीमत 700 मिलियन डॉलर से ज्यादा बताई जाती है।
- ईरान ने इस हमले में 6 बैलिस्टिक मिसाइल और 29 ड्रोन दागे। इस हमले में 10 से 15 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें 5 की हालत गंभीर और 2 की स्थिति बेहद नाजुक बताई गई है।
- यह एयरबेस रियाद से करीब 96 किलोमीटर दूर है और इसे सऊदी एयर फोर्स चलाती है, लेकिन यहां अमेरिकी सेना भी तैनात रहती है। पिछले करीब एक महीने से जारी संघर्ष के दौरान इस बेस को कई बार निशाना बनाया जा चुका है। इससे पहले भी एक हमले में 14 अमेरिकी सैनिक घायल हुए थे।
- हालांकि, अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने अभी तक इस हमले और नुकसान की आधिकारिक पुष्टि नहीं की है।

### पाकिस्तान, सऊदी, तुर्किये और मिस्र ने जंग खत्म करने की कोशिश की

- पाकिस्तान के विदेश मंत्री इशाक डार ने कहा है कि इस्लामाबाद में चार देशों के बीच हुई बैठक उपयोगी रही। इस बैठक में पाकिस्तान, सऊदी अरब, तुर्किये और मिस्र के विदेश मंत्रियों ने हिस्सा लिया।
- बैठक में क्षेत्रीय हालात और युद्ध को जल्द और स्थायी रूप से खत्म करने के संभावित तरीकों पर चर्चा की गई।

### बैठक की खास बातें

- सभी देशों ने माना कि यह युद्ध किसी के हित में नहीं है और इससे केवल जान-माल का नुकसान होगा। उन्होंने कहा कि इस दौरान मुस्लिम देशों की एकता बहुत महत्वपूर्ण है।
- विदेश मंत्रियों ने मिडिल ईस्ट में लोगों की जिंदगी और आजीविका पर पड़ रहे गंभीर असर को लेकर चिंता जताई।
- सभी ने इस बात पर सहमति जताई कि संघर्ष को रोकने और क्षेत्र में शांति कायम करने के लिए बातचीत और कूटनीति ही सबसे सही रास्ता है।
- इसके अलावा, चारों देशों ने आपसी एकता मजबूत करने, तनाव कम करने और संबंधित पक्षों के बीच औपचारिक बातचीत का माहौल बनाने पर भी चर्चा की।

# ट्रम्प बोले- ईरान ने हमें 10 तेल टैंकर गिफ्ट किए

### पाकिस्तानी झंडे वाले जहाज हॉर्मुज के रास्ते भेजे, उन्हें हमारा भरोसा जीतना था



ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया था कि ईरान ने 10 तेल टैंकरों को गुजरने दिया, यह उनकी तरफ से गिफ्ट है। इन टैंकरों पर पाकिस्तान का झंडा था और ईरान इससे भरोसा जीतना चाहता था। उन्होंने कहा कि ईरान ने भरोसा दिखाने के लिए 8 बड़े तेल टैंकरों को गुजरने दिया और बाद में 2 और भेजे।

वहीं, ट्रम्प ने कहा कि ईरान के ऊर्जा ठिकानों पर हमले 10 दिन के लिए टाल दिए हैं। नई डेडलाइन अब 6 अप्रैल तय की गई है। उन्होंने कहा कि अमेरिका ईरान के एनर्जी इंफ्रास्ट्रक्चर पर फिलहाल कार्रवाई नहीं करेगा और 10 दिन की मोहलत दी गई है।

उन्होंने बताया कि यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि दोनों देशों के बीच चल रही बातचीत को आगे बढ़ने का मौका मिल सके। इससे पहले भी ट्रम्प ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमले की योजना को टाल चुके हैं, जिसे अब फिर से आगे बढ़ाया गया है।

ईरान की होर्मुज के बाद बाब-अल-मंदेब पर हमले की धमकी

इसी बीच खबरें हैं कि अमेरिका, ईरान के खार्ग द्वीप पर जमीनी हमला (ग्राउंड इनवेजन) कर सकता है। इसके जवाब में ईरान ने बाब-अल-मंदेब स्ट्रेट को बंद करने की चेतावनी दी है।

बाब-अल-मंदेब रेड सी का एंट्री प्वाइंट है। यह रेड सी को अरब सागर से जोड़ता है। स्वेज नहर तक जाने वाले जहाज इसी रास्ते से गुजरते हैं। दुनिया के करीब 12 प्रतिशत तेल की सप्लाई यहीं से गुजरती है। यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा शिपिंग रूट है। बाब-अल-मंदेब अफ्रीकी देश जिबूती में मौजूद अमेरिकी मिलिट्री बेस इस स्ट्रेट से सिर्फ 30 किमी दूर है। अगर बाब-अल-मंदेब में भी रुकावट आती है, तो मिडिल ईस्ट में चल रहा संघर्ष और बढ़ सकता है।

# भारतीय बच्चों का गुल्लक दान करना कभी नहीं भूलेंगे-ईरान

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेहरान

ईरान ने भारतीय बच्चों के गुल्लक दान करने पर भावुक प्रतिक्रिया दी है। भारत में ईरान के दूतावास ने कहा कि इस मदद को वह कभी नहीं भूलेंगे। दूतावास ने कहा कि भारतीय बच्चों का अपनी गुल्लक दान करना प्यार भरा तोहफा है, जिसे कभी नहीं भुलाया जाएगा। दूतावास ने सोशल मीडिया पर कहा कि छोटे-छोटे बच्चों ने अपने छोटे हाथों से जो मदद दी, वह बेहद खास है और दोनों देशों के रिश्तों की गहराई को दिखाती है।

रिपोर्ट्स के मुताबिक जम्मू-कश्मीर समेत कई जगहों पर बच्चों ने अपनी गुल्लक तोड़कर ईरान के लिए पैसे दान किए। ईरान दूतावास ने कहा कि यह दया और समर्थन उनके लिए बेहद मायने रखता है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा। इसी बीच, ईरान ने इजराइल पर दागी गई मिसाइलों पर थैंक यू इंडिया लिखकर आभार जताया। ईरानी सेना के मुताबिक यह संदेश उन देशों के लिए बताया गया जिन्होंने ईरान के प्रति समर्थन दिखाया है।



ये प्यार भरा तोहफा
मिसाइलों पर थैंक्यू
इंडिया लिखकर
इजराइल पर दागीं





**रिपोर्ट- ईरान में हमले में 5 की मौत, 7 घायल-** ईरान के उत्तर-पश्चिमी शहर जंजन में एक रिहायशी इमारत पर हुए हमले में पांच लोगों की मौत हो गई, जबकि सात अन्य घायल हुए हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, यह हमला आधी रात के बाद हुआ और स्थानीय प्रशासन के अनुसार इसमें आम नागरिकों को निशाना बनाया गया। बताया जा रहा है कि हमले के बाद राहत और बचाव टीमें मौके पर पहुंचीं और घायलों को अस्पताल ले जाया गया।

**रिपोर्ट- सऊदी एयरबेस पर ईरानी हमले में 12 अमेरिकी सैनिक घायल, 2 की हालत गंभीर-** रॉयटर्स के मुताबिक, सऊदी अरब के प्रिंस सुल्तान एयरबेस पर ईरानी हमले में 12 अमेरिकी सैनिक घायल हुए हैं, जिनमें दो की हालत गंभीर बताई गई है। रिपोर्ट के अनुसार, ईरान के साथ युद्ध शुरू होने के बाद अब तक 300 से ज्यादा अमेरिकी सैनिक घायल हो चुके हैं। इनमें से 273 सैनिक इलाज के बाद फिर से ड्यूटी पर लौट चुके हैं। वहीं, इस संघर्ष में अब तक 13 अमेरिकी सैनिकों की मौत हो चुकी है।

**दक्षिणी लेबनान में इजराइली हमला, 1 की मौत; 17 घायल-** लेबनान के सैदोन जिले के सराफंद कस्बे में इजराइली हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि 17 अन्य घायल हुए हैं। यह जानकारी लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय ने दी। सरकारी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, नबातियेह के कफर तेबनीत इलाके में एक एंबुलेंस को भी इजराइली ड्रोन ने निशाना बनाया, हालांकि इसमें हताहतों की जानकारी सामने नहीं आई है।

**ट्रम्प बोले- ब्रिटेन से एयरक्राफ्ट कैरियर मांगे-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने दावा किया है कि उन्होंने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री से दो एयरक्राफ्ट कैरियर देने की बात कही थी। ट्रम्प ने कहा कि उन्होंने मजाकिया अंदाज में ब्रिटेन के कैरियर्स को छोटा और कम असरदार बताया, लेकिन कहा कि उन्हें हेलीकॉप्टर ऑपरेशन के लिए इस्तेमाल किया जा सकता है। उन्होंने यह भी कहा कि ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने जवाब दिया कि युद्ध खत्म होने के बाद वे मदद करेंगे। ट्रम्प ने नाटो पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि अमेरिका हमेशा ठअळड की मदद करता है, लेकिन अगर बड़ा युद्ध हुआ तो वे हमारे साथ नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि उन्हें भरोसा नहीं है कि किसी बड़े संकट में नाटो देश अमेरिका का साथ देंगे।

**ट्रम्प बोले- ईरान समझौते के लिए गिड़गिड़ा रहा है-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि ईरान पर लगातार हमलों के चलते वह बातचीत के लिए मजबूर हो गया है और समझौते के लिए बेताब है। ट्रम्प ने कहा कि ईरान को स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज खोलना होगा। इस दौरान उन्होंने इसे स्ट्रेट ऑफ ट्रम्प कह दिया, फिर खुद ही सुधारते हुए हॉर्मुज कहा। इसके बाद उन्होंने कहा कि इसे गलती बताया जाएगा, लेकिन मेरे साथ गलती नहीं होती। ट्रम्प ने दोहराया कि मौजूदा हालात में ईरान पर दबाव इतना ज्यादा है कि वह बातचीत के लिए आगे आ रहा है।

**ट्रम्प बोले- सुलेमानी को मारना बड़ा फैसला था-** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा है कि उनके पहले कार्यकाल के दौरान ईरानी कमांडर कासिम सुलेमानी को मारना एक बड़ा फैसला था। ट्रम्प ने दावा किया कि सुलेमानी इतना ताकतवर था कि ईरान का नेतृत्व भी उसके हटने से अंदर ही अंदर खुश रहा होगा, हालांकि वे इसे खुलकर नहीं कहते। अब ईरान के कई शीर्ष नेता भी नहीं रहे, इसलिए इस पर उनसे कोई सवाल नहीं करेगा।

# पेट्रोल पंप पर केरोसिन भी मिलेगा, केंद्र का फैसला

## हर जिले में 2 पंपों पर सुविधा होगी, तेल कंपनियां 5 हजार लीटर स्टॉक रख सकेंगी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली

केंद्र सरकार ने रविवार को फैसला लिया है कि अब राशन की दुकानों के साथ-साथ पेट्रोल पंप पर भी केरोसिन मिल सकेगा। अब सरकारी तेल कंपनियां तय किए गए पेट्रोल पंपों से भी केरोसिन रख और बांट सकेंगी।

हर जिले में राज्य सरकार या केंद्रशासित प्रदेश प्रशासन अधिकतम 2 पेट्रोल पंप चुनेंगे, जहां यह सुविधा दी जाएगी। इन पेट्रोल पंपों पर अधिकतम 5 हजार लीटर तक केरोसिन रखा जा सकेगा। सरकार ने सप्लाई आसान बनाने के लिए 60 दिनों के लिए सार्वजनिक वितरण प्रणाली के नियमों में ढील दी है, ताकि जरूरतमंद परिवारों तक तेल समय पर पहुंच सके। सरकार ने ये फैसला अमेरिका-इजराइल के ईरान संघर्ष के कारण लिया गया है। मिडिल ईस्ट में जारी जंग के कारण भारत में गैस, पेट्रोल-डीजल की कमी है। केंद्र सरकार लगातार मौजूदा हालात पर चिंता जता रही है।

### नियमों में क्या छूट दी गई

केरोसिन बांटने वाले एजेंट और डीलरों को लाइसेंस लेने से छूट दी गई है

टैंकरों से केरोसिन उतारने (सप्लाई) के नियम भी आसान किए गए हैं

पेट्रोल पंपों पर केरोसिन स्टोर और वितरण की अस्थायी अनुमति दी गई है




### एलपीजी और गैस सप्लाई की स्थिति

- घरेलू एलपीजी की सप्लाई सामान्य है, किसी डिस्ट्रीब्यूटर पर कमी की सूचना नहीं
- एक दिन में 55 लाख से ज्यादा सिलेंडर डिलीवर किए गए
- ऑनलाइन बुकिंग बढ़कर 94% तक पहुंची
- सीएनजी और पीएनजी उपभोक्ताओं को 100% सप्लाई दी जा रही है

### केरोसिन और वैकल्पिक ईंधन पर जोर

- सरकार ने राज्यों को अतिरिक्त 48000 किलो लीटर (4 करोड़ 80 लाख लीटर) केरोसिन आवंटित किया है। एलपीजी की मांग कम करने के लिए केरोसिन और कोयले जैसे वैकल्पिक ईंधनों के उपयोग को भी बढ़ावा दिया जा रहा है।
- सरकार ने सिटी गैस कंपनियों को होटल, रेस्टोरेंट और कॉमर्शियल संस्थानों में पीएनजी कनेक्शन बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। औद्योगिक और कॉमर्शियल गैस उपभोक्ताओं को फिलहाल औसत खपत की 80% गैस दी जा रही है।

**सरकार बोली- कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक**

सरकार के अनुसार सभी रिफाइनरियां उच्च क्षमता पर काम कर रही हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। देशभर के सभी पेट्रोल पंपों पर पेट्रोल-डीजल की उपलब्धता सामान्य बनी हुई है। घरेलू खपत को देखते हुए रिफाइनरियों में एलपीजी उत्पादन भी बढ़ाया गया है।
कुछ राज्यों में अफवाहों के कारण पेट्रोल पंपों पर भीड़ और ज्यादा बिक्री देखने को मिली। सरकार ने स्पष्ट किया कि किसी भी तरह की कमी नहीं है और लोगों से अपील की गई है कि घबराकर खरीदारी न करें।

# रेमंड के पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का निधन

## बेटे गौतम सिंघानिया ने मुखाग्नि दी, पद्म भूषण से सम्मानित, वर्ल्ड रिकॉर्ड भी बनाया था

ब्रह्मास्त्र ›› मुंबई

टेक्सटाइल ब्रांड 'रेमंड' को घर-घर तक पहुंचाने वाले पूर्व चेयरमैन विजयपत सिंघानिया का रविवार 29 मार्च को मुंबई में अंतिम संस्कार कर दिया गया।

दोपहर 3 बजे चंदनवाड़ी श्मशान घाट पर उनके बेटे और रेमंड के मौजूदा चेयरमैन गौतम सिंघानिया ने परिवार के अन्य सदस्यों की मौजूदगी में अंतिम रस्में पूरी कीं।

87 वर्षीय सिंघानिया का शनिवार शाम को निधन हुआ था। वे अपने पीछे पत्नी आशादेवी और तीन बच्चों- मधुपति सिंघानिया, शेफाली रुइया और गौतम सिंघानिया को छोड़ गए हैं।

गौतम सिंघानिया ने अपने मैसेज में लिखा है कि उनके पिता एक दूरदर्शी नेता और समाजसेवी इंसान थे, जिनकी विरासत आने वाली पीढ़ियों को प्रेरित करती रहेगी।



विजयपत सिंघानिया 1980 में रेमंड ग्रुप के चेयरमैन और टऊ बने थे। सिंघानिया के नेतृत्व में रेमंड ग्रुप सिर्फ कपड़ों तक सीमित नहीं रहा। उन्होंने ग्रुप का विस्तार सिंथेटिक फैब्रिक्स, डेनिम, स्टील, इंडस्ट्रियल फाइल्स और सीमेंट जैसे क्षेत्रों में किया।

उनके विजन ने रेमंड को एक कपड़ा कंपनी से बदलकर एक बड़े औद्योगिक ग्रुप के रूप में खड़ा कर दिया। बिजनेस के अलावा शिक्षा के क्षेत्र में भी उनका योगदान रहा। वे 2007 से 2012 तक आईआईएम अहमदाबाद की गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन भी रहे।

विजयपत सिंघानिया को जोखिम लेने वाले कॉर्पोरेट लीडर के तौर पर



जाना जाता था। उन्हें एडवेंचर और एविएशन का शौक था। नवंबर 2005 में, 67 साल की उम्र में उन्होंने हॉट एयर बैलून के जरिए लगभग 69,000 फीट की ऊंचाई तक उड़कर वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया था। इससे पहले 1988 में उन्होंने एक माइक्रोलाइट विमान में लंदन से नई दिल्ली तक 23 दिन में अकेले उड़ान भरकर 'स्पीड-ओवर-टाइम एंड्योरेंस रिकॉर्ड' बनाया था। 1994 में भारतीय वायुसेना ने उन्हें 5000 घंटे से ज्यादा की फ्लाइट एक्सपीरियंस के कारण 'मानद एयर कमोडोर' बनाया, जबकि 2006 में उन्हें मुंबई का 'शेरिफ' नियुक्त किया गया था।

# पंजाब के मलेरकोटला में 2 आतंकी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र ›› मलेरकोटला

पंजाब के मलेरकोटला से पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई में दो संदिग्ध आतंकियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आरोपियों की पहचान अब्बू गाबा और उस्मान के रूप में हुई है। इन्हें शेरवानी कोटे गांव से शनिवार को गिरफ्तार किया गया जहां वे पिछले कई वर्षों से किरायेदार के रूप में रह रहे थे। इसके साथ ही 5 साल से मजदूरी भी कर रहे थे।

**नशा तस्कर से पूछताछ में मिला सुराग-** इस मामले में बड़ा खुलासा उस समय हुआ जब युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत पकड़े गए एक स्थानीय नशा तस्कर से पूछताछ की गई। जांच के दौरान सामने आए इनपुट के आधार पर दोनों संदिग्धों की पहचान जम्मू-कश्मीर में वांछित आतंकियों से मेल खाती पाई गई।

मलेरकोटला पुलिस की उक्त्र विंग की टीम ने शनिवार को गांव में छापा मारकर दोनों को हिरासत में लिया। प्रारंभिक पूछताछ के बाद उन्हें आगे की जांच के लिए जम्मू-कश्मीर पुलिस के हवाले कर दिया गया है। फिलहाल इस मामले में पंजाब पुलिस और जम्मू-कश्मीर पुलिस की ओर से आधिकारिक पुष्टि का इंतजार किया जा रहा है।

**15 साल से रह रहे थे दोनों पाकिस्तानी-** बताया जा रहा है कि दोनों मलेरकोटला में पिछले 15 वर्ष से रह रहे थे। दोनों पाकिस्तानी है। गांव शेरवानी कोट के सरपंच सिमरनजीत सिंह ने दोनों को शनिवार को पुलिस के सीआइए स्टाफ की टीम ने जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ घर में दबिश देकर दोनों को पकड़ा। सिमरनजीत ने बताया कि दोनों करीब पांच साल से उनके गांव में ही रहकर मजदूरी करते थे। हालांकि ग्रामीणों का कहना है कि दोनों करीब 15 वर्ष से जिले के अलग-अलग गांवों में रह रहे थे।

# हिमाचल के लाहौल-स्पीति, जम्मू-कश्मीर के ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी

ब्रह्मास्त्र ›› नई दिल्ली/लखनऊ

हिमाचल प्रदेश के लाहौल-स्पीति में रविवार दोपहर को बर्फबारी हुई। यहां के ऊंचाई वाले इलाकों में इसका असर रहा। राज्य के पहाड़ी वाले जिलों में बर्फबारी का असर रहेगा। हिमाचल के अलावा जम्मू-कश्मीर में भी बर्फबारी की संभावना है।

राजस्थान और मध्य प्रदेश में आज बारिश के साथ-साथ ओले गिरने की संभावना है। राजस्थान में 31 मार्च तक बारिश और आंधी की चेतावनी जारी की गई है। आज चंडीगढ़ में भी बारिश हुई है।

**मध्यप्रदेश-राजस्थान में आंधी-बारिश का अलर्ट चंडीगढ़ में हल्की बारिश हुई**



उत्तर प्रदेश के सुल्तानपुर, रायबरेली और अमेठी में शनिवार को ओले गिरे। प्रयागराज और वाराणसी में बारिश हुई। प्रतापगढ़ में आंधी से एक पोल उखड़कर खड़ी कार पर जा गिरा।

मध्य प्रदेश में 29 मार्च से आंधी-बारिश का एक मजबूत सिस्टम एक्टिव होने जा रहा है। इसका असर करीब 3 दिन तक रहेगा। भोपाल, उज्जैन समेत 40 जिलों में अलर्ट है। बिहार के पटना समेत 5 जिलों में शनिवार को आंधी-बारिश हुई। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपोरा के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी हुई। बांदीपोरा-गुरेज सड़क को फिलहाल बंद कर दिया गया है।

### अगले दो दिन मौसम का हाल

30-31 मार्च- मध्य प्रदेश, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़, दिल्ली, महाराष्ट्र, गुजरात, केरल, तेलंगाना, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल और सिक्किम में हल्की बारिश की संभावना है। केरल, तमिलनाडु और कर्नाटक में बिजली गिरने की आशंका है। 31 मार्च को बंगाल, सिक्किम और बिहार में आंधी आने की संभावना है।

## अंतर ढूंढो...






## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 9 | | | 3 | | | 8 | 7 |
| 8 | 7 | | 1 | | 5 | | | |
| | | 2 | | | 9 | | | 4 |
| | 6 | | | | 2 | | 3 | 5 |
| 3 | 8 | | 4 | 1 | 7 | | 2 | 9 |
| 2 | 4 | | 6 | | | | 1 | |
| 7 | | | 3 | | | 8 | | |
| | | | 5 | | 8 | | 7 | 3 |
| 9 | 3 | | | 2 | | | 6 | 1 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 8 | 3 | 9 | 2 | 1 | 5 | 6 |
| 2 | 6 | 9 | 5 | 7 | 1 | 8 | 4 | 3 |
| 3 | 1 | 5 | 4 | 8 | 6 | 7 | 2 | 9 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 6 | 9 | 3 | 1 | 2 |
| 8 | 9 | 1 | 2 | 3 | 4 | 6 | 7 | 5 |
| 6 | 3 | 2 | 1 | 5 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 7 | 6 | 2 | 5 | 9 | 3 | 1 |
| 9 | 2 | 6 | 7 | 1 | 3 | 5 | 8 | 4 |
| 1 | 5 | 3 | 9 | 4 | 8 | 2 | 6 | 7 |

## वर्ग पहेली




**बाएं से दाएं**

1. अंगरखा-4
3. मान-सम्मान, इज्जत-3
5. शुभार्शीवाद, नियामत-4
8. केश-2
10. कसम, प्रतिज्ञा, वचन-2
11. बुरी आदत-2
13. मगरमच्छ-3
15. परिणाम-3
16. मांड़ी, स्टार्च-3
17. अक्षर (उर्दू-3)
19. रोम, केश-2
20. अधिकार, आरोप-2
21. सतह, स्तर, पटल-2
23. लूटपाट, डाका-4
25. सभ्यीकरण, विवेक-3
26. एक प्रसिद्ध कवि-4

**ऊपर से नीचे**

1. अनोखा, विचित्र, विलक्षण-3
2. नया, नवीन-2
3. इज्जत-2
4. कपोल-4
6. गमन, प्रेषित-3
7. पिता के पिता-2
9. चुनौती-4
13. गंदगी का ढेर-3
14. असावधानी-4
17. जेल, कालकोठरी-4
18. शोर, ध्वनि, कंपन्न-3
20. ताप, शवदाह-2
22. यज्ञ, आहुति दान-3
23. रहस्य-2
24. जल, पानी-3

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 45 | | 3 | | 61 | | 10 | = | 66 |
| 20 | | 5 | | 51 | | 25 | = | 24 |
| 50 | | 40 | | 10 | | 25 | = | 45 |
| 70 | | 18 | | 27 | | 40 | = | 75 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 45 | | 30 | | 27 | | 50 | = | 60 / 52 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| स | म | र | यु | दा | प | र | तू | ग | झ | दो |
| ज | अ | ल | प | मु | रि | शो | ना | दि | शा | ओं |
| अं | इ | नु | म | ल | दा | ल | घ | र | ला | खें |
| ती | कु | दा | रा | धा | व | क | प | रि | श | बा |
| स | ति | श | न | धा | क | व | री | ग | बी | र |
| री | रं | ल | प | व | लि | र्त | ऐ | ती | प | ह |
| क | गा | ल | श | आ | प | म | त्रं | की | या | ह |
| स | बा | अ | र्जा | त | क | छ | प्प | ग | श | थ |
| म | स | मि | तें | व | न | ज | मृ | शा | जू | द |
| द | र | ल | श | ह | र | औ | र | स | प | ना |
| बो | ड़ | खा | रु | बा | भ | व | हा | दु | र | क |

## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 3 | 2 | | | 1 | |
| 5 | 29 | | 37 | | 31 | 3 |
| | 3 | | 7 | 5 | | |
| 3 | 27 | 6 | 41 | | 33 | 2 |
| | | 3 | | | 5 | 4 |
| | 29 | | 27 | 4 | 30 | 1 |
| 7 | 4 | | 2 | | | |

## रंग भरकर चित्र बनाओ



## जोक्स

मां ने घबराकर बेटे को फोन लगाया और कहा - बेटा जल्दी से घर आजा, बहू को पैरालिसिस का अटैक आया है। उसका मुंह टेढ़ा, आंखे ऊपर और गर्दन घूमी हुई है। बेटा बोला - रहने दे मां, तू घबरा मत..वो सेल्फी ले रही है।

00000000

पति - पत्नी को मूवी देखने जाना था।
घर के बाहर पति काफी देर से इंतजार कर रहा था।
पति (चिल्लाते हुए) - अरे और कितनी देर लगाओगी?
पत्नी - चिल्ला क्यों रहे हो? एक घंटे से कह रही हूं कि पांच मिनट में आ रही हूं। समझ में नहीं आता।

00000000

पत्नी - अगर मैं तुम्हें छोड़कर चली गई, तो तुम क्या करोगे?
पति - मैं तो पागल हो जाऊंगा।
पत्नी - मतलब दूसरी शादी तो नहीं करोगे?
पति - पागल कुछ भी कर सकता है।

000000000

पत्नी - तुम मुझे दो ऐसी बातें बोलो, जिनमें से एक को सुनकर मैं खुश हो जाऊं और दूसरी को सुनकर नाराज हो जाऊं।
पति - तुम मेरी जिंदगी हो और दूसरी बात लानत है ऐसी जिंदगी पर।

00000000

हेलो भैया, मुझे इनकम सर्टिफिकेट बनवाना है।
चपरासी - बाबू से जाकर मिल लो।
लड़की ने तुरंत अपने ब्वॉयफ्रेंड को फोन लगाया और बोली -
बाबू तुमने बताया नहीं तुम इनकम सर्टिफिकेट भी बना लेते हो।

## रंग भरकर चित्र बनाओ






# साइबर लिटरेसी

## 8th पे कमीशन सैलरी कैलकुलेटर स्कैम

### जानें ये क्या है, ठग कैसे दे रहे अंजाम, ये 11 तरीके आपको रखेंगे सुरक्षित

बीते कुछ महीनों से 8वें वेतन आयोग से जुड़े अपडेट्स खबरों में हैं। वेतन आयोग भारत सरकार की एक एडमिनिस्ट्रेटिव बॉडी है, यह लगभग हर 10 साल में केंद्रीय कर्मचारियों के वेतन, भत्तों और पेंशन में बढ़ोत्तरी की सिफारिश करती है। नए अपडेट्स के कारण केंद्रीय कर्मचारी अपनी बढ़ी सैलरी जानने के लिए उत्सुक हैं।

साइबर ठग इस मौके का फायदा उठाकर ठगी कर रहे हैं। इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने भी इसे लेकर अलर्ट जारी किया है।

आज साइबर लिटरेसी कॉलम में '8th पे कमीशन सैलरी स्कैम की बात करेंगे। साथ ही जानेंगे कि-

ठग इस स्कैम में लोगों को कैसे फंसा रहे हैं?

ऐसे किसी भी साइबर स्कैम से बचने के लिए क्या करें?

**एक्सपर्ट:** राहुल मिश्रा, साइबर सिक्योरिटी एडवाइजर, उत्तर प्रदेश पुलिस

**सवाल-** '8th पे कमीशन सैलरी कैलकुलेटर स्कैम क्या है?

**जवाब-** यह एक साइबर फ्रॉड है, जिसमें ठग सरकारी कर्मचारियों और पेंशनर्स को वॉट्सएप पर फर्जी मैसेज भेजते हैं। इसमें सैलरी बढ़ोतरी की जानकारी देने के नाम पर एपीके फाइल डाउनलोड करने को कहा जाता है। जब यूजर इस फाइल को डाउनलोड और इंस्टॉल करता है, स्कैमर्स उसके मोबाइल का एक्सेस ले लेते हैं और बैंक अकाउंट खाली कर देते हैं।

**सवाल-** इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर ने लोगों को इस स्कैम से सचेत करने के लिए क्या चेतावनी दी है?

जवाब- आई4सी ने कहा है कि- '8th पे कमीशन सैलरी के नाम पर फर्जी मैसेज भेजे जा रहे हैं। इन मैसेज में एपीके फाइल डाउनलोड करने के लिए कहा जाता है, जो खतरनाक है। ऐसी फाइल्स से मोबाइल डेटा और बैंक से जुड़ी सेंसेटिव जानकारी चुराई जा सकती है। इसलिए किसी भी अनजान लिंक या फाइल पर क्लिक न करें। केवल ऑफिशियल सोर्स से ही जानकारी लें। किसी भी संदिग्ध मैसेज को तुरंत रिपोर्ट करें।

**सवाल-** ठग '8th पे सैलरी कैलकुलेटर स्कैम में लोगों को कैसे फंसा रहे हैं?


**जवाब-** स्कैमर इस ठगी को कैसे अंजाम देते हैं-

**सवाल-** लोग इतनी आसानी से ठगों के झांसे में क्यों आ जाते हैं?

**जवाब-** दरअसल लोगों के मन में ये जानने को लेकर उत्सुकता होती है कि 8वें वेतन आयोग की सिफारिश के बाद उनके अकाउंट में कितने रुपए बढ़कर आएंगे। ठग इसी उत्सुकता और लालच का फायदा उठाते हैं।

**सवाल-** ठग 8th पे सैलरी कैलकुलेटर स्कैम में किन लोगों को टारगेट बना रहे हैं?

**जवाब-** ठग इसमें खासतौर पर केंद्रीय कर्मचारी टारगेट कर रहे हैं। साथ ही पेंशनर्स भी ठगों के निशाने पर हैं। पूरी लिस्ट ग्राफिक में देखिए-




**सवाल-** एपीके फाइल डाउनलोड करने से मोबाइल कैसे हैक हो जाता है?

**जवाब-** एपीके एंड्रॉयड एप इंस्टॉल करने की फाइल होती है। फर्जी एपीके में मालवेयर (वायरस) हो सकता है। इंस्टॉल होते ही यह एप कुछ परमिशन मांगता है। परमिशन मिलते ही, एप को मोबाइल का एक्सेस मिल जाता है। बैंकिंग एप और ओटीपी की जानकारी भी चोरी हो सकती है। कुछ मालवेयर स्क्रीन रिकॉर्डिंग कर सकते हैं। पर्सनल डेटा हैकर के सर्वर तक भेजा जाता है और स्कैमर मोबाइल हैक कर लेते हैं।

**सवाल-** ऐसे किसी भी साइबर स्कैम से बचना है तो क्या करें?

**जवाब-** आई4सी ने इसके लिए कुछ सलाह दी है।

**सवाल-** स्कैमर्स के मैसेज में क्या रेड फ्लैग होते हैं? इन्हें कैसे पहचानें?

**जवाब-** आई4सी के अनुसार, स्कैमर्स के मैसेज में कई रेड फ्लैग होते हैं,

**सवाल-** अगर गलती से एपीके डाउनलोड हो जाए तो क्या करें?

**जवाब-** ऐसा होने पर तुरंत करें ये काम- सबसे पहले इंटरनेट तुरंत बंद करें। संदिग्ध एपीके से इंस्टॉल हुआ एप तुरंत अनइंस्टॉल करें। मोबाइल की सेटिंग में जाकर सभी अनजान एप्स चेक करें। एंटीवायरस से फोन को स्कैन करें और मालवेयर हटाएं। बैंकिंग एप्स और ईमेल के पासवर्ड तुरंत बदलें। अपने बैंक को तुरंत सूचित करें और ट्रांजेक्शन अस्थाई रूप से ब्लॉक कराएं। ओटीपी, पिन या कोई भी सेंसिटिव डिटेल शेयर न करें। जरूरी हो तो फोन को फैक्ट्री रीसेट करवाएं।

**सवाल-** ऐसे अनऑथराइज्ड एप्स से बचने के लिए मोबाइल फोन में कौन-सी सिक्योरिटी सेटिंग्स ऑन रखनी चाहिए?

**जवाब-** मोबाइल फोन में ऑन करें ये सेटिंग्स- हमेशा गूगल प्ले प्रोटेक्ट ऑन रखें ताकि संदिग्ध एप्स डाउनलोड न हो। इंस्टॉल फ्रॉम अननोन सोर्सेस ऑप्शन बंद कर दें। मोबाइल फोन अपडेटेड रखें। सिर्फ जरूरी एप्स को ही कैमरा, माइक्रोफोन और फाइल का एक्सेस दें। स्ट्रॉन्ग स्क्रीन लॉक और बायोमेट्रिक सिक्योरिटी ऑन रखें। टू-फैक्टर एसोसिएशन एक्टिव रखें। एंटीवायरस या मोबाइल सिक्योरिटी एप का इस्तेमाल करें।

**सवाल-** अगर शक है कि स्कैम हो रहा है तो बैंक अकाउंट को तुरंत कैसे सिक्योर करें?

**जवाब-** ऐसा हो तो तुरंत करें ये काम- तुरंत अपने बैंक की हेल्पलाइन नंबर पर कॉल करके सूचना दें या ब्रांच से संपर्क करें। इंटरनेट बैंकिंग और मोबाइल बैंकिंग अस्थाई रूप से ब्लॉक करवाएं। एटीएम/डेबिट और क्रेडिट कार्ड तुरंत ब्लॉक करें। सभी पासवर्ड और यूपीआई पिन तुरंत बदलें। संदिग्ध ट्रांजैक्शन की तुरंत शिकायत दर्ज करें। रटर/ईमेल अलर्ट एक्टिव रखें।

**सवाल-** इस तरह के साइबर फ्रॉड की शिकायत कहां और कैसे करें?

**जवाब-** ऐसे करें शिकायत-

नेशनल साइबर क्राइम पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत करें। साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर तुरंत कॉल करें। अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या साइबर सेल में रिपोर्ट दर्ज कराएं। बैंक से जुड़े फ्रॉड में तुरंत अपने बैंक को सूचित करें। शिकायत करते समय स्क्रीनशॉट, मैसेज, लिंक जैसे सबूत साथ रखें। अपनी पूरी जानकारी सही और स्पष्ट रूप से दें। शिकायत नंबर/रसीद सुरक्षित रखें। जल्दी शिकायत करने से पैसा रिकवरी की संभावना बढ़ती है।












यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवारः 30 मार्च, 2026

## सुभाषितानि

न चोरहार्यं न च राजहार्यं, न भ्रातृभाज्यं न च भारकारि।
व्यये कृते वर्धत एव नित्यं, विद्याधनं सर्वधनप्रधानम्॥

**भावार्थ** : विद्या का धन चोर चुरा नहीं सकता, राजा छीन नहीं सकता, भाई बांट नहीं सकते और यह बोझ भी नहीं बनता। खर्च करने पर यह बढ़ता ही है। यह सबसे श्रेष्ठ धन है।

आलस्यं हि मनुष्याणां शरीरस्थो महान रिपुः।
नास्त्युद्यमसमो बन्धुः कृत्वा यं नावसीदति॥

**भावार्थ** : आलस्य मनुष्य के शरीर का सबसे बड़ा शत्रु है। मेहनत के समान कोई मित्र नहीं है, क्योंकि मेहनत करने वाला कभी दुखी नहीं होता।

## सम्पादकीयम्

### समीपस्थ धर्मः

अमेरिका-ईरान-युद्धेन सम्पूर्णे विश्वे विशेषतः दक्षिण-एशिया-देशे ऊर्जा-संकटः गभीरः अभवत्, एतत् च अधुना रहस्यं नास्ति । एतादृशे परिस्थितौ श्रीलङ्का, बाङ्गलादेशादिषु समीपस्थेषु देशेषु भारतस्य समर्थनं प्रशंसनीयम् अस्ति । भारतं प्रथमं बाङ्गलादेशं प्रति डीजलं प्रेषितवान् अधुना श्रीलङ्कादेशाय प्रायः ३८,००० मेट्रिकटन डीजलं पेट्रोलं च आपूर्तिं कृतवान् । विदेशमन्त्री एस.जयशंकरस्य मते मालदीवदेशः अपि भारतात् ईंधनसहायतां याचितवान् अस्ति। एषः सहकार्यः न केवलं नैतिकदृष्ट्या न्याय्यः अपितु कूटनीतिकप्रभावाः अपि सन्ति । भारतस्य विदेशनीतिः सर्वदा ₹वसुधैव कुतुम्बकम्₹ (विश्वः एकपरिवारः) इति दर्शनेन प्रेरिता अस्ति, परन्तु एतत् अपि प्रसिद्धं तथ्यं यत् केभ्यः वर्षेभ्यः श्रीलङ्का, बाङ्गलादेशः, मालदीवः वा भवतु, एते त्रयः देशाः बीजिंगस्य अङ्के पतन्तः इव भासन्ते स्म। अधुना, सम्भवतः ते अजगरस्य यथार्थं अभिप्रायं अवगत्य, स्वनीतिषु पुनर्विचारं कुर्वन्ति च। एतेषां देशानाम् नूतनदिल्लीतः इन्धनस्य आग्रहः भारते तेषां विश्वासं प्रतिबिम्बयति, भारतेन च तान् निराशः न कृतः इति सम्यक् । शेखहसीना-सर्वकारस्य, विशेषतः तस्य प्रमुखस्य मोहम्मद-युनुस्-इत्यस्य च पतनस्य अनन्तरं बाङ्गलादेशे अन्तरिमसर्वकारेण भारतविरोधी वृत्तिः, बीजिंग-इस्लामाबाद-नगरयोः आरामस्य प्रयासः च, नवीदिल्ली-ढाका-देशयोः सम्बन्धाः तनावपूर्णाः अभवन् विंशतिः क्रिकेट् विश्वकपः अपि न मुक्तः ।

## मध्यपूर्वे युद्धस्य कारणेन कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्धेः

# केन्द्रसर्वकारेण पेट्रोल-डीजलयोः आबकारीशुल्कं दश-रूप्यकाणां



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

मध्यपूर्वे युद्धस्य कारणेन कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्धेः निवारणाय केन्द्रसर्वकारेण पेट्रोल-डीजलयोः आबकारीशुल्कं दश-रूप्यकाणां न्यूनीकरणं कृतम् अस्ति पेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत् कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्ध्या अस्मिन् समये उपभोक्तृणां प्रत्यक्षः प्रभावः न भविष्यति।

२६ मार्च दिनाङ्के निर्गतस्य अधिसूचनानुसारं पेट्रोलस्य आबकारीशुल्कं १३ रुप्यकाणि प्रतिलीटरतः ३ रुप्यकाणि यावत् न्यूनीकृतम्, डीजलशुल्कं १० रुप्यकात् शून्यं यावत् न्यूनीकृतम् अस्ति । मन्त्रालयेन उक्तं यत् एतत् शुल्कनिवृत्तिः तत्क्षणमेव प्रभावी भवति, परन्तु साधारणग्राहकानाम् उपरि प्रभावः न भविष्यति।

आबकारीशुल्कं न्यूनीकृत्य केन्द्रसर्वकारेण सार्वजनिकक्षेत्रस्य तैलकम्पनीनां उपरि पेट्रोल-डीजल-मूल्यानि वर्धयितुं दबावः न्यूनीकर्तुं प्रयत्नः कृतः अस्ति एतत् पदं स्वीकृत्य सर्वकारेण खुदरातैलस्य मूल्येषु तत्कालं वृद्धेः सम्भावना निराकृता अस्ति। डीजल-विमान-इन्धनस्य निर्यातस्य उपरि सर्वकारेण शुल्कं स्थापितं अस्ति । डीजलस्य उपरि ?21.5 प्रतिलीटरं, विमाननइन्धनस्य ?29.5 प्रतिलीटरं निर्यातशुल्कं सर्वकारेण स्थापितं अस्ति।

तेलकम्पनीनां हानिः भवति स्म : पेट्रोलियममन्त्री हरदीपसिंहपुरी इत्यनेन उक्तं यत् अन्तर्राष्ट्रीयबाजारे कच्चे तेलस्य मूल्यं ?७० तः ?१२२ प्रति बैरल यावत् वर्धितम् अस्ति। सार्वजनिकक्षेत्रस्य तैलकम्पनीनां पेट्रोलस्य प्रतिलीटरं ?२४, डीजलस्य प्रतिलीटरं ?३० इत्येव हानिः भवति । कच्चे तेलस्य मूल्यवृद्ध्या उपभोक्तृषु प्रत्यक्षः प्रभावः न भविष्यति। अनुमानं भवति यत् एतेन सर्वकारीयकोषे १.७५ लक्षकोटिरूप्यकाणां वार्षिकराजस्वभारः भविष्यति ।

नायारा ऊजार्याः मूल्यानि वर्धितानि : निजीकम्पनी नायारा इत्यनेन पेट्रोलस्य मूल्यं ?5, डीजलस्य मूल्यं 3 इत्येव वर्धितम्।

भोजनालयाः, कैफे च चालयितुं कष्टम्

वाणिज्यिकसिलिण्डरस्य आपूर्तिः अभावात् अनेके लघुभोजनागाराः, कैफे च कार्यं कर्तुं कष्टं अनुभवन्ति । केचन पिहिताः सन्ति, एतेन तेषां कर्मचारिणः अपि प्रभाविताः सन्ति । कैफे-सञ्चालकाः स्वकर्मचारिणां संख्यां न्यूनीकृतवन्तः । आरके पुरे दिल्लीनगरस्य तमिलसंगमस्य समीपे खाद्यपेयस्य द्वौ विक्रयस्थानौ बन्दौ स्तः। कैफे-कर्मचारिणः अवदन् यत् एलपीजी-आपूर्तिः कदा सुधरति इति पूर्वानुमानं कर्तुं कठिनं भवति, परन्तु अनेन तेषां गृहाणि चालयितुं कठिनं जातम्।

कर्मचारिणः अवदन् यत् तेषां अन्यः आयस्य स्रोतः नास्ति। कर्मचारी सुनीलः अवदत् यत् मार्चमासस्य १२ दिनाङ्कात् आरभ्य कैफे बन्दम् अस्ति, तेषां धनेन गृहं चालितम् अस्ति। अधुना तेषां बचतम् अपि समाप्तं भवति ।

## पेट्रोलपम्पेषु अपि मट्टीतेलं उपलब्धं भविष्यति इति केन्द्रसर्वकारेण निर्णयः

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केन्द्रसर्वकारेण रविवासरे निर्णयः कृतः यत् इदानीं राशन-दुकानेषु अपि च पेट्रोल-पम्पेषु मट्टीतेलं प्राप्यते इति। अधुना सर्वकारीयतैलकम्पनयः निर्दिष्टैः पेट्रोलपम्पैः मट्टीतेलस्य संग्रहणं वितरणं च कर्तुं शक्नुवन्ति।

प्रत्येकस्मिन् मण्डले राज्यसर्वकारः अथवा केन्द्रशासितप्रशासनं अधिकतमं द्वौ पेट्रोलपम्पौ चयनं करिष्यति यत्र एषा सुविधा प्रदत्ता भविष्यति। एतेषु पेट्रोलपम्पेषु ५,००० लीटरपर्यन्तं मट्टीतेलस्य संग्रहणं कर्तुं शक्यते।

आपूर्तिसुलभतायै सर्वकारेण सार्वजनिकवितरणव्यवस्थायाः (ढञ्र) नियमेषु ६० दिवसान् यावत् शिथिलीकरणं कृतम् अस्ति येन तैलं आवश्यकतावशात् परिवारेभ्यः समये एव प्राप्तुं शक्यते। अमेरिकी-इजरायल-ईरान-सङ्घर्षस्य कारणेन एषः सर्वकारीयनिर्णयः कृतः । मध्यपूर्वे प्रचलति युद्धेन भारते गैसस्य, पेट्रोलस्य, डीजलस्य च अभावः अभवत् । केन्द्रसर्वकारेण वर्तमानस्थितेः विषये निरन्तरं चिन्ता प्रकटिता अस्ति। सर्वकारस्य मते सर्वाणि शोधनालयाः उच्चक्षमतायां कार्यं कुर्वन्ति, तत्र कच्चे तैलस्य पर्याप्तः भण्डारः अपि अस्ति । देशे सर्वेषु पेट्रोलपम्पेषु पेट्रोलस्य डीजलस्य च उपलब्धता सामान्या एव वर्तते। आन्तरिक उपभोगं पूरयितुं एलपीजी-उत्पादनं अपि वर्धितम् अस्ति । केषुचित् राज्येषु अफवाः उत्पन्नाः, पेट्रोलपम्पेषु जनसमूहः, विक्रयः च वर्धितः । अत्र अभावः नास्ति इति स्पष्टीकृत्य जनान् आतङ्कितः न क्रयणं कर्तुं आग्रहं कृतवान्। राज्येभ्यः अतिरिक्तं ४८,००० किलोलीटर मट्टीतेलस्य आवंटनं सर्वकारेण कृतम् अस्ति । एलपीजी-माङ्गं न्यूनीकर्तुं मट्टीतेल-अङ्गार-इत्यादीनां वैकल्पिक-इन्धनानां उपयोगः अपि प्रवर्तते । होटेलेषु, भोजनालयेषु, वाणिज्यिकप्रतिष्ठानेषु च पीएनजी-सम्बद्धतां वर्धयितुं ।

## हिमाचलप्रदेशे हिमपातः, हरियाणापञ्जाबयोः वर्षा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

हिमाचलप्रदेशस्य उच्चोच्चक्षेत्रेषु रविवासरे हिमपातः अभवत् । लहौल-स्पिटी, कुल्लू, मनाली च हिमपातः, मौसमस्य परिवर्तनस्य संकेतं ददाति । काश्मीरे उपत्यकायाः ??उच्चभागेषु हिमपातः, मैदानीक्षेत्रेषु च वर्षा अभवत् । मौसमविभागस्य अनुसारं पाश्चात्यविकारस्य कारणेन एतत् अभवत् । जम्मू-कश्मीरे गुलमार्ग, पहलगाम, युस्मार्ग, गुरेज, रजदान टॉप, सोनामार्ग-जोजिला इत्यादिषु उच्चैः ऊर्ध्वतायुक्तेषु क्षेत्रेषु हिमपातः अभवत् । श्रीनगर-लेह-राष्ट्रियराजमार्गः, बाण्डिपोरा-गुरेज-मार्गः च बन्दः कर्तव्यः आसीत् । इदानीं रविवासरे हरियाणा-पञ्जाब-देशयोः केषुचित् भागेषु वर्षा अभवत् । चण्डीगढे अपि वर्षा अभवत् ।

## राशिफल

**मेष** : आर्थिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। जीवनसाथी का सानिध्य मिलेगा। स्वास्थ्य समस्या आपको परेशान नहीं कर सकेगी।

**वृषभ** : मूड कार्यस्थल पर पूरे माहौल को खुशनुमा बना सकता है। आर्थिक रूप से उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ सकता

**मिथुन** : सिंगल लोग ऐसे लोगों की ओर आकर्षित होंगे, जो अच्छी कम्यूनिकेशन स्किल्स वाले हों.

**कर्क** : गुण-ज्ञान की प्राप्ति होगी। अपनों का साथ मिलेगा। मस्तिष्क को ऊर्जा देने और उत्साहित करने की आवश्यकता होती है।

**सिंह** : सीनियर सहकर्मी और रिश्तेदार बड़ा सहयोग देंगे। जीवनसाथी के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या** : किसी नए काम की जिम्मेदारी मिल सकती है। कारोबार में विस्तार के योग हैं। आज एक शानदार दिन है,

**तुला** : व्यावसायिक सफलता मिल सकती है। नतीजतन, कोशिश करें कि एक समय में बहुत सारी चीजों का बोझ न उठाएं।

**वृश्चिक** : कुछ लोगों के लिए नया रोमांस आपका उत्साह बढ़ाएगा। किसी महत्वपूर्ण काम में सफलता मिल सकती है।

**धनु** : आर्थिक व व्यापारिक रूप से दिन अच्छा रहने वाला है। चंचल और रचनात्मक माहौल का स्वागत करें।

**मकर** : वैवाहिक जीवन अच्छा रहेगा।व्यापारिक स्थिति अच्छी रहेगी। करियर में सफलता की सीढ़ियां चढ़ेंगे।

**कुंभ** : आज शेयर मार्केट में निवेश करने से बचें। इस दौरान शुरू हुए समझौते और व्यापारिक अवसर सफल होने की संभावना है।

**मीन** : मन में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। यह आपकी कहानी को फिर से लिखने का मौका है।

## ज्योतिष/वास्तु

# जीवन में दिलाता है अपार सफलता कुंडली में मजबूत मंगल

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार कुंडली में ग्रहों की स्थिति का मानव जीवन पर गहरा प्रभाव पड़ता है। इन्हीं में से एक महत्वपूर्ण ग्रह मंगल है। वैदिक ज्योतिष में मंगल को ऊर्जा, साहस और क्रियाशीलता का प्रतीक माना जाता है। खगोल विज्ञान के अनुसार, मंगल बाहरी ग्रहों में गिना जाता है, जैसे बृहस्पति और शनि।

मंगल को लाल ग्रह कहा जाता है, और यह बात आधुनिक विज्ञान से पहले ही कई वैदिक ग्रंथों में बताई जा चुकी थी। महर्षि पराशर और वराहमिहिर ने मंगल को लाल रंग का ग्रह बताते हुए इसे युद्ध, जोश और कर्म का कारक माना है। ज्योतिष में मंगल को राशि चक्र का योद्धा भी कहा जाता है। मंगल व्यक्ति के अंदर मौजूद ऊर्जा और जुनून को दशार्ता है। ग्रहों में इसे सैनिक की उपाधि दी गई है, जो सूर्य (राजा) के आदेशों को पूरा करता है।



यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत हो, तो वह व्यक्ति खेल, सेना या साहस से जुड़े क्षेत्रों में आगे बढ़ सकता है। आइए जानते हैं कि यदि किसी की कुंडली में मंगल मजबूत होते हैं, जो जीवन पर उसका क्या प्रभाव देखने को मिलता है। जिन लोगों का मंगल मजबूत होता है, वे सीधे और साफ बोलने वाले होते हैं। वे अपने मन की बात बिना झिझक कह देते हैं और कठिन परिस्थितियों में भी अपने वादे निभाते हैं। ऐसे लोग आत्मविश्वासी होते हैं, लेकिन कभी-कभी उनमें अहंकार भी देखा जाता है। मंगल के प्रभाव वाले लोग चुनौतीपूर्ण और जोखिम भरे काम पसंद करते हैं। वे आसान कामों की बजाय ऐसे क्षेत्रों में जाते हैं, जहां साहस और जोश की जरूरत होती है, जैसे सर्जन, इंजीनियर या सेना। वहीं, अगर कुंडली में मंगल कमजोर या अशुभ हो, तो व्यक्ति गलत दिशा में भी जा सकता है।

अगर मंगल लग्न का स्वामी हो तो व्यक्ति का शरीर चुस्त और फुतीर्ला होता है। ऐसे लोग ऊजार्वान और उत्साही होते हैं, लेकिन जल्दी गुस्सा भी आ सकता है। वे दूसरों पर प्रभाव जमाने और खुद को साबित करने की कोशिश करते हैं।

### मंगल का जन्म कैसे हुआ?

वेदों में मंगल को पृथ्वी का पुत्र कहा गया है, इसलिए यह जमीन-जायदाद और संपत्ति का भी कारक है। एक कथा के अनुसार, भगवान शिव के तांडव के दौरान उनके पसीने की एक बूंद पृथ्वी पर गिरी, जिससे मंगल का जन्म हुआ। मंगल को लोहितांग और अंगारक नाम से भी जाना जाता है।

## खबर एक नजर...

### फ्रूट का ठेला लगाने वाले युवक को बदमाशों ने मारे चाकू

**उज्जैन।** अशोकनगर में रहने वाला जसप्रित 27 साल वाल्मिकी नगर में फ्रूट का ठेला लगाता है। शनिवार रात वह वाल्मिकी नगर में परिचित की शादी में शामिल होकर वापस अशोक नगर लौट रहा था। तभी सुमित किराना के सामने रोहित और संजय ने अपने 3-4 साथियों के साथ रास्ता रोका और रंगदारी करते हुए फ्रूट का ठेला लगाने पर 5 हजार रुपए मांगे। जसप्रित के मना करने पर उसके साथ चाकू से हमला कर बाइक में तोड़फोड़ की और मारपीट करते हुए जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। मारपीट में घायल जसप्रित को परिचित विजय कौशल माधवनगर थाने लेकर पहुंचा। मामले में पुलिस ने विजय की शिकायत पर जसप्रित के साथ मारपीट कर अवैध वसूली की मांग करने वालों के खिलाफ बीएनएस की 7 धाराओं में प्रकरण दर्ज किया। पुलिस के अनुसार नामजद आरोपी रोहित और संजय के गिरफ्त में आने पर मारपीट में शामिल उनके साथियों की जानकारी सामने आ पायेगी।

### उत्तरप्रदेश से गिरफ्त में आया अपहरण-दुष्कर्म का आरोपी

**उज्जैन।** भाटपचलाना थाना क्षेत्र की रहने वाली नाबालिग को बहला-फुसलाकर अगवा और दुष्कर्म करने वाले आरोपी को चार दिनों की तलाश के बाद पुलिस ने उत्तरप्रदेश के वृंदावन से गिरफ्तार कर लिया। थाना प्रभारी सत्येन्द्रसिंह चौधरी ने बताया कि 23 मार्च को नाबालिग के लापता होने पर परिजनों ने शिकायत दर्ज कराई थी। मामला नाबालिग से जुड़ा होने पर अपहरण का प्रकरण दर्ज किया गया था। इस दौरान सामने आया कि नाबालिग को भाटपचलाना का रहने वाला 28 वर्षीय मंगलसिहं पिता जोरावरसिंह अपने साथ ले गया है। पुलिस ने लोकेशन ट्रेस कर उसे उत्तरप्रदेश से गिरफ्तार कर नाबालिग को दस्तयाब किया। नाबालिग ने बयान में बताया कि मंगल उसे जबरदस्ती अपने साथ ले गया था। उसने गलत काम किया है। नाबालिग के बयान पर पुलिस ने मंगल के खिलाफ दुष्कर्म और पास्को एक्ट की धारा का इजाफा किया। रविवार दोपहर न्यायालय में पेश कर आरोपी को सबजेल भेजा है। बताया जा रहा है कि अपहरण और दुष्कर्म का आरोपी शादीशुदा है, जिसकी पत्नी उसे छोड़कर चली गई थी।

### मान उतारकर लौट रहा परिवार सड़क दुर्घटना में घायल

**उज्जैन।** महिदुपर के बिसलाखेड़ी का रहने वाला भैरूलाल पिता बगदीराम चौधरी अपने 9 माह के पुत्र पारस की मान उतारने के लिये परिवार के साथ उन्हेल के पास गांव गया था। जहां से भैरूलाल अपनी पत्नी रेखा, पुत्र पारस और 4 वर्षीय पुत्री माही के साथ बाइक से शनिवार-रविवार रात वापस महिदपुर लौट रहा था। उन्हेल मार्ग पर तेजगति से आई कार ने सामने से टक्कर मार दी। दुर्घटना में भैरूलाल गंभीर रूप से घायल हो गया। पुत्र-पुत्री को चोंट आई। पत्नी को मामूली रूप से जख्मी हुई है। टक्कर मारने के बाद चालक कार लेकर भाग निकला था। आसपास के ग्रामीणों ने घायल परिवार की मदद कर उन्हे उपचार के लिये अस्पताल तक पहुंचाया। उन्हेल पुलिस मामले में दुर्घटना का प्रकरण दर्ज कर कार चालक की तलाश कर रही है।

### उधार दिये रुपए मांगे तो फर्शी से किया हमला


**उज्जैन।** ग्राम केसरपुर निपानिया में रहने वाले जितेन्द्र पिता सोहनसिंह मोंगिया ने सात माह पहले गांव में रहने वाले भगवान को जरूरत होने पर ढाई लाख रुपए उधार दिये थे। भगवान ने 2 माह में रुपए वापस लौटाने की बात कहीं थी, लेकिन सात माह बाद भी रुपए नहीं लौटाये और मुंह छिपाने लगा। शनिवार रात जितेन्द्र घर लौट रहा था उसी दौरान भगवान उसे गांव में किराना दुकान पर दिखाई दिया। उसने अपने रुपए लौटाने की बात कहीं तो भगवान ने पहले लकड़ी से मारपीट की और फिर फर्शी से हमला कर सिर फोड़ दिया। घायल जितेन्द्र को तराना से उपचार के लिये उज्जैन चरक अस्पताल रैफर किया गया है। मामले में तराना पुलिस प्रकरण दर्ज कर आरोपी भगवान की तलाश कर रही है।

1 5 7

## किसानों का वेश धारण कर पुलिस ने मारी दबिश

# झोपड़ी में जुआं खेलते मिले 8 जुआरी, 51 हजार की राशि बरामद





**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जुआरियों को पकड़ने के लिये रविवार को पुलिस ने किसानों का वेश धारण किया और खेत पर बनी झोपड़ी में दबिश मारी। 8 जुआरियों को हिरासत में लेकर उनके पास से 51 हजार से अधिक की नगद राशि बरामद की गई। सभी के खिलाफ जुआ एक्ट का प्रकरण दर्ज किया गया है।

बिरलाग्राम थाना प्रभारी जितेन्द्र पाटीदार ने बताया कि ग्राम झिरन्या में खेत पर बनी झोपड़ी में कई लोगों द्वारा जुआ खेलने की खबर मिली थी। जुआरियों को पकड़ने के लिये योजना बनाई गई और एएसआई भूरिया मोहरे, प्रधान आरक्षक गोपाल चावला, आरक्षक संदीप यादव, नटवरसिंह, आनंदसिंह, सौदागर, दिनेश, हेमराज, अंकित पांचाल और नगर सुरक्षा समिति सदस्यों सहित 15 लोगों की टीम बनाई गई। सभी ने ग्रामीणों का वेश धारण किया। किसी ने टोपी लगाई तो किसी ने गमछा गले में डाला, कुछ बनिया पहनकर निकले। ग्राम झिरन्या पहुंचकर टीम 1 किलो मीटर पैदल अलग-अलग रास्तों से खेत तक पहुंची और झोपड़ी में दबिश मारी। मौके से दशरथ पिता मोहननाथ निवासी ग्राम बेड़ावन्या, फिरोज पिता अल्लानूर ग्राम बागला, नगजी पिता भेरूलाल, भुरू पिता याकूब खान ग्राम झिरनया, समंदर पिता मनोहर सिंह ग्राम पलसोड़ा, अहमद उर्फ पप्पू पिता सुल्तान खान ग्राम पिपलिया मोलू थाना उन्हेल, बनेसिंह पिता कालूसिंह ग्राम झिरन्या और लक्ष्मण पिता हिंदू गुर्जर निवासी जलवाल थाना खाचरोद को हिरासत में लिया। झोपड़ी से नगद राशि 51 हजार 500 रुपए और ताश पत्ती बरामद की गई। सभी को थाने लाया गया और जुआ एक्ट अधिनियम में प्रकरण दर्ज किया गया। थाना प्रभारी के अनुसार जुआरियों से पूछताछ में सामने आया कि खेत उन्हेल के ग्राम पिपलिया मोलू में रहने वाले अहमद उर्फ पप्पू खान का है। उसके द्वारा ही खेत पर बनी झोपड़ी में जुआ खेलने के लिये फड़ लगाई गई थी। कुछ दिनों से झोपड़ी में जुआ खेला जा रहा था, जिसमें आसपास के ग्रामीण दांव लगाने आ रहे थे।

# खजूर की डालियां थाम ईसाई समुदाय ने बनाया पॉम संडे

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

ईसाई समुदाय ने रविवार को पॉम संडे की आराधना की। सामजजनों ने हाथों में खजूर की डालियां थामी और धार्मिक गीत के साथ प्रार्थना की। ईसाई समाज अपने प्रभु यीशु के यरूशलम नगर प्रवेश की याद में पॉम संडे (खजूर रविवार)का पर्व मनाता है। इस अवसर पर मसीही चर्च से जुलूस निकाला गया।

धर्मग्रंथ बाईबल के अनुसार प्रभु यीशु को सूली पर चढ़ाये जाने से पहले उनका यरूशलम में प्रवेश हुआ था, उनके आगमन पर अनुयायियों ने उनके अभिवादन में खजूर की डालियां बिछाकर उनका स्वागत किया था और दाऊद का पुत्र होसन्ना धन्य है का उद्घोष किया था। यरूशलम में प्रवेश के बाद प्रभु यीशु पर झूठे आरोप लगाकर उन्हे सूली पर चढ़ा दिया गया था। उनके यरूशलम प्रवेश को विजय दिवस के रूप में मनाते हुए मरिया नगर स्थित कैथोलिक चर्च में सुबह 8 बजे आर्च बिशप सेबास्ट्रियन वडक्केल द्वारा खजूर की डालियों को आशिषीत किया गया और समाजजनों को सौंपा। उसके बाद आराधना शुरू हुई और पवित्र बलिदान हुआ। सोमवार से समाजजन विशेष सप्ताह की आराधना करेगें। वहीं 3 अप्रैल को प्रभु यीशु के सूली पर चढ़ाये जाने का स्मरण गुड फ्राईडे के रूप में किया जायेगा। इस दिन कैथोलिक चर्च से क्रूस यात्रा निकाली जायेगी और चर्च भवन में प्रभु यीशु द्वारा क्रूस पर कही गई 7 वाणियों को स्मरण किया जायेगा। 5 अप्रैल को समाजजन ईस्टर संडे की आराधना करेगें। इस दिन प्रभु यीशु मृतकों में फिर जी उठे थे। ईस्टर पर्व समाजजनों के लिये खुशियों का पर्व है। देवासरोड स्थित मसीही चर्च में भी पॉम संडे की आराधना की गई। वहीं चर्च प्रांगण से जुलूस निकाला गया। समाजजन हजारों की संख्या में हाथों में खूजर की डाली थाम प्रमुख मार्गो पर निकले। जुलूस का समापन चर्च प्रांगण में हुआ।

# पत्थर से कुचला था सिर बोरे में बंद कर फेंकी लाश

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

जूना नागदा चम्बल नदी के पास सिर कुचली बोरे में बंद मिली महिला की लाश के मामले में गिरफ्तार किये गये आरोपी को 30 माह बाद न्यायालय ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। आरोपी पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

मीडिया सेल प्रभारी कुलदीपसिंह भदौरिया ने बताया कि 20 सितंबर 2023 को ग्राम पाल्याकला में रहने वाले मुन्नालाल ने पुलिस को शिकायत दर्ज कराई थी कि शासकीय उचित मूल्य की दुकान पर सेल्समेन है। उसकी मां बरदीबाई एक दिन पहले सब्जी लेने बाजार गई थी, जो वापस नहीं लौटी है। सभी रिश्तेदारों के यहां पता किया लेकिन वहां भी नहीं पहुंची है। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू की थी। 21 सितंबर 2023 को डायल 100 पर सूचना मिली कि जूना नागदा ईंट भट्टे के पास एक महिला की लाश पड़ी है। आरक्षक धीरज यादव घटनास्थल पहुंचा तो बोरे में बंद लाश पड़ी होना सामने आई। उस वक्त थाना प्रभारी नलिन बुधोलिया थे, जो एसआई हेमंतसिंह जादौन के साथ मौके पर पहुंचे। महिला का सिर कुचलने के बाद बोरे में बंद कर लाश फेंकी जाना सामने आया। मामले में हत्या का प्रकरण दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू की गई। कुछ दिन बाद रतनलाल पिता कालू गुर्जर को पकड़ा गया। जिसने पूछताछ में हत्या कर लाश फेंकना कबूल कर लिया।




स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित।